अमरोहा के मंडी धनौरा में अवैध रूप से रहने वाली बांग्लादेशी महिला रीना बेगम और उसके पति राशिद अली को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है. बताया गया कि खुफिया विभाग के अधिक. ारियों ने दोनों से कई घंटों तक पूछताछ की है. खुफिया विभाग के अधिकारियों को उनके कब्जे से निकाह की रसीद मिली है.

पूछताछ में इन दोनों ने बताया है कि कुछ साल पहले सऊदी अरब में दोनों ने निकाह किया था. इसके बाद महिला अक्टूबर 2025 को नेपाल के रास्ते से पति के साथ भारत आ गई. पुलिस ने बांग्लादेशी महिला के खिलाफ विदेशी अधिनियम और उसके पति राशिद पर शरण देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है.

उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स ने हजारों की संख्या में फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया है। एसटीएफ ने गिरोह के मास्टरमाइंड प्रमोद कुमार निषाद को गिरफ्तार कर लिया है। 28 वर्षीय प्रमोद निषाद बहराइच जिले का रहने वाला है। एसटीएफ के मुताबिक, आरोपी प्रमोद ने अब तक 18 से 19 हजार आधार कार्ड अपडेट या बनाए हैं।

उसके पास से 2 अदद मोबाइल फोन, 1 लैपटाप, 2 एटीएम कार्ड, 1 आधार कार्ड, 1 चेक बुक, 1 बायोमैट्रिक स्कैनर, 1 रेटिना स्कैनर, 1 वेबकैम, 87 वर्क मोबाइल फोन से लिए गए स्क्रीन शाट और अन्य दस्तावेजों की छाया प्रति, कार और 2680 रुपये नकद बरामद हुए हैं।

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (ैप्ट) के पहले चरण में कई गंभीर खामियां उजागर हुई हैं। विशेष रूप से 2002 की मतदाता सूची के आधार पर नए मतदाताओं की पहचान, उनके पारिवारिक विवरण और मिलान प्रक्रिया में कई अनियमितताएं सामने आई हैं।

इंडियन एक्सप्रेस ने चुनाव आयोग के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया है कि 85,01,486 मामलों में मतदाताओं के पिता का नाम गलत है या आपस में मेल नहीं खाता, जो कुल मतदाताओं का करीब 11.09 प्रतिशत है। इसके अलावा 24,21,133 मतदाता ऐसे दर्ज पाए गए हैं, जिनके छह से अधिक बच्चे दर्शाए गए हैं। माता–पिता की उम्र से जुड़े आंकड़ों में भी कई विसंगतियां पाई गई हैं।

लगभग 13 लाख मामलों में मतदाता और उसके माता–पिता के बीच उम्र का अंतर 15 वर्ष से कम दर्ज है, जबकि 8,77,736 मामलों में यह अंतर 50 वर्ष से अधिक पाया गया, जो व्यवहारिक रूप से संभव नहीं माना जा रहा। विस्तारित परिवार से जुड़े आयु रिकॉर्ड में भी खामियां मिली हैंकृ3,29,152 मामलों में दादा–दादी या नाना–नानी के साथ उम्र का अंतर 40 वर्ष से कम दर्शाया गया है।

इसके अलावा कुल 58,08,232 एन्यूमरेशन फॉर्म अब तक ब्लॉक लेवल ऑफिसर (ठस्व्) ऐप पर अपलोड नहीं किए गए। इनमें 24,18,699 मृत मतदाता, 12,01,462 लापता, 19,93,087 स्थायी रूप से अन्य राज्यों में बसे, 1,37,475 दोहराए गए नाम वाले मतदाता और 57,509 अन्य श्रेणियों से जुड़े मामले शामिल हैं।

भारत की सुरक्षा ढांचे के लिए यह निर्णायक मोड़ हैकृ
'"अवैध नेटवर्क अपने ही तरीकों में फँसने लगा है।"'

लेखकरू रविंद्र आर्य
स्पेशल इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट (ैप्ट)

साप्ताहिक
सबका जम्मू कश्मीर

'बंदे मातरम' पर बहस : नेहरू का क़द कहीं अधिक बड़ा हो गया है!'

(वंदे मातरम के मूल बांग्ला स्वरूप को ध्यान में रखते हुए इस लेख में बंदे मातरम शब्द प्रयुक्त किया गया है।)

कृष्ण प्रताप सिंह

कुछ मुसलमानों द्वारा बंदे मातरम का विरोध किए जाने का कोई सवाल नहीं है और हममें से ज्यादातर लोगों पर यहां इस बात का कोई असर नहीं है। ३(लेकिन क्या किया जाए कि) हममें से ज्यादातर लोग बड़ी शिद्दत से महसूस करते हैं कि मौजूदा संदर्भ में बंदे मातरम राष्ट्रगान बनाने के लिए सर्वथा अनुपयुक्त है। ३.हां, जहां तक जन–गण–मन को राष्ट्रगान बनाए जाने का सवाल है, तो मामला निश्चित तौर पर संविधान सभा ही तय करेगी। ३. बंदे मातरम हमारी आजादी की लड़ाई से जुड़ा हुआ गीत है और रहेगा। इसे इसी के अनुरूप सम्मान दिया जाएगा।

1948 में 15 जून को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने ये बातें पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री बिधानचंद्र राय को उस पत्र में लिखी थीं, जो राय द्वारा तीन दिन पहले 12 जून को उन्हें भेजे गए पत्र का जवाब था।

दरअसल, उस वक्त मध्य प्रांत के बाद पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बिधानचंद्र राय भी 'बंदे मातरम' को राष्ट्रगान बनाने के पक्ष में उठ खड़े हुए थे और इसे बंदे मातरम का पक्ष बहुत मजबूत हो जाने के रूप में देखा जा रहा था। इस कारण और कि राय ने नेहरू को अपने उक्त पत्र में यह लिखने से भी परहेज़ नहीं किया था कि भले ही कुछ मुसलमान इसका विरोध करें, तब भी बंदे मातरम को ही राष्ट्रगान बनाया जाए।

उनका यह लिखना इस अर्थ में बहुत स्वाभाविक था कि 'बंदे मातरम' में इस्तेमाल अधिकतर प्रतीक बंगाल से ही संबंधित थे और कई लोगों के अनुसार वह 'बंगाल का राष्ट्रगान' होने के लिए सर्वथा उपयुक्त था। ऐसे में, राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में, स्वाभाविक ही, बिधानचंद्र राय उसे लेकर बहुत भावुक थे। नेहरू ने इस बात को समझते हुए बिना देर किए राय को जवाबी पत्र में उक्त बातें तो लिखीं ही थीं, यह भी लिखा था कि राष्ट्रगान (का मामला) संघर्ष और रिश्ते को दिखाने वाली उन चीजों से अलग है, जिनका 'बंदे मातरम' प्रतिनिधित्व करता है।

उन्होंने लिखा था रू ष्राष्ट्रगान विजय और उससे मिली संतुष्टि का प्रतीक होना चाहिए, न कि अतीत के संघर्ष का। राष्ट्रगान मुख्य रूप से संगीत है, न कि शब्द। इसका संगीत ऐसा होना चाहिए, जो जोश दिलाए और जिसे संतोषजनक ढंग से पूरी दुनिया में कहीं भी बजाया जा सके३. राष्ट्रगान को देश की तुलना में विदेश में ज्यादा बजाया जाना होता है। हमारे हर दूतावास को, विदेश कार्यालय को इसे बजाना होता है३ (इस लिहाज से) जन–गण–मन हमारे खास प्रयास के बिना ही सुर्खियों में आ गया है। ३.जहां तक बंदे मातरम की भाषा का सवाल है, तो ज्यादातर लोग इसे समझ नहीं पाते। निश्चित तौर पर मैं भी इसे समझ नहीं पाता।

(आखिरी दो वाक्य कितने प्रामाणिक हैं, इसे इस तथ्य से समझ सकते हैं कि आज की तारीख में बंदे मातरम को राष्ट्रगान बनाने के अनेक प्रचंड समर्थक भी, पूरा कौन कहे, उसकी चार छह पंक्तियां तक न कंठाग्र रख पाते हैं, न सही–सही पढ़ पाते हैं।)

इतिहास गवाह है कि नेहरू अपने इस तार्किक और समावेशी रवैये से बिधानचंद्र राय को सहमत करने में सफल रहे थे, जिसके बाद आम सहमति के माहौल में देश ने जन–गण–मन को राष्ट्रगान और बंदे मातरम को राष्ट्रगीत के रूप में सहर्ष अंगीकार कर लिया था।

कायदे से इसके बाद 1937 में कांग्रेस की कार्यसमिति द्वारा बंदे मातरम के एक अंश को (ही) स्वीकार करने से जुड़ी छिद्रान्वेषण से भरी वे सभी अतार्किक बातें स्वतरू समाप्त हो जानी चाहिए थीं, जिनका सहारा लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत सोमवार को इस गीत के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने के सिलसिले में लोकसभा में हुई बहस शुरू करते हुए नेहरू पर मुस्लिम लीग के नेता मोहम्मद अली जिन्ना के ऐतराजों के मद्देनजर बंदे मातरम को खंडित करने का 'महाभियोग' लगाया। साथ ही, उनको खलनायक बनाने के लिए उनके प्रति दुर्भावनाओं का एक और खेल खेलने की विफल कोशिश की।

काश, वे समझ सकते कि उनके इस 'महाभियोग' की सबसे बड़ी बेहिसी यह थी कि संविधान सभा ने 26 जनवरी, 1950 को देश के गणतंत्र बनने से महज दो दिन पहले को रवींद्रनाथ टैगोर के जन–गण–मन को भी पूरा का पूरा नहीं, उसके एक अंश को ही राष्ट्रगान घोषित किया था, वैसे ही जैसे 'बंदे मातरम' के एक अंश को राष्ट्रीय गान का गौरव प्रदान किया था।

लेकिन विडंबना यह कि देश में उस वक्त भी ऐसे विघ्नसंतोषी थे और आज तो वे सत्ता में हैं, जिन्हें अपने छिद्रान्वेषण को किसी भी मोड़ पर लगाम लगाना गवारा नहीं होता। उल्टे उसे बेलगाम रखने में मजा आता है।

यह विश्वास करने के कारण हैं कि इस मजे के लिए ही उन्होंने दूसरी ज्वलंत समस्याओं को दरकिनार कर संसद में 'बंदे मातरम' के डेढ़ सौ वर्षों पर चर्चा को जरूरी समझा। शायद उन्हें उम्मीद थी कि नेहरू के इस संसार को अलविदा कहने के छह दशकों बाद ही सही, इस बिना पर वे देश के इतिहास को उनके प्रति निर्मम बनाकर उन्हें खलनायक करार देने का करिश्मा कर दिखाने में सफल हो जाएंगे।

तभी तो नेहरू की हेठी करने के फेर में उनकी ओर से अनेक ऐसी बातें भी कहीं गईं, जो 'जन–गण–मन' की हेठी तक जाती थीं। 'बंदे मातरम' के मुकाबले उसके राष्ट्रगान बनने की पात्रता को प्रश्नांकित करने का इसके अलावा भला और क्या अर्थ हो सकता है? वह तो उनकी विवशता थी और है कि उनके पास नेहरू के उन तर्कों के जवाब ही नहीं, जो उन्होंने बिधानचंद्र राय को पत्र में इन दोनों गीतों की राष्ट्रगान बनने की पात्रता की तुलना करते हुए दिए थे। वरना वे जानें और क्या करते!

इस बहस में विपक्ष के नेताओं ने ठीक ही कहा कि सत्तापक्ष को इस बहस की मार्फत 'बंदे मातरम' की अतिरिक्त प्रतिष्ठा कतई अभीष्ट नहीं थी। इसलिए कि आजादी की लड़ाई की त्याग व बलिदान की जिस परंपरा से बंदे मातरम निकला और जिसे लगातार मजबूत करते रहने में उसने उल्लेखनीय भूमिका निभाई, उसमें इस पक्ष का कभी कोई हिस्सा ही नहीं रहा।

इसके पास तो राज्यसभा सदस्य संजय सिंह द्वारा पूछे गए इस सवाल का भी उत्तर नहीं कि वह अपने पितृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चार ऐसे नेताओं के नाम बताए, जो 'बंदे मातरम' का नारा लगाकर जेल गए हों३ और३ वह मातृभूमि को बेचकर मातृभूमि की कैसी वंदना कर रहा है?

इसलिए उसके मुंह पर भले ही 'बंदे मातरम' था, उसकी निगाहें कहीं और थीं, तो निशाना कहीं और, और सबसे बड़ा लक्ष्य नेहरू का खलनायकीकरण ही था, जिससे जुड़ी उसकी कवायदें पुरानी पड़कर भी अभी तक सफल नहीं हो पाई हैं।

पूरी बहस में साफ था कि बार–बार की विफलताओं के बावजूद वह अपनी इन कवायदों को 'नई ऊंचाई' पर ले जाने के फेर में था और इसके लिए उसे प्रकारांतर से 'जन–गण–मन' को 'बंदे मातरम' से कमतर बताने से भी परहेज़ नहीं था। वैसे ही, जैसे प्रधानमंत्री को 'बंदे मातरम' के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को 'बंकिम बाबू' के बजाय 'बंकिम दा' कहने से नहीं था।

कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने भाषण में ठीक ही कहा कि सत्तापक्ष इस बहस से दो मकसद साधना चाहता था। इनमें पहला था रू अगले साल पश्चिम बंगाल में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में खास वर्ग व समुदाय की भावनाओं से खेलकर चुनावी लाभ उठाना। दूसरा रू जिन लोगों ने स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी, देश के लिए कुर्बानियां दीं, उन पर नए आरोप लादने का मौका तलाशना और देश का ध्यान जनता के जरूरी मुद्दों से भटकाना.

लेकिन अब सवाल है कि क्या सत्ता पक्ष इनमें से अपने किसी भी उद्देश्य को प्राप्त करने या उसकी दिशा में बढ़ने में सफल हो पाया? और जवाब है कि ऐसा लगता तो नहीं। उलटे बहस में विपक्षी नेताओं के सवालों के सामने निरुत्तरता ने उसकी बची–खुची पोल भी खोलकर रख दी है। साफ कहें तो लम्बे अरसे बाद यह संसद में हुई ऐसी पहली बहस थी, जो सत्ता पक्ष के लिहाज से इस तरह बैक फायर कर गई कि वह उसमें फंसकर रह गया और अपने विजयी होने का दावा नहीं कर पाया।

जहां तक नेहरू का सवाल है, इस बहस के बाद वे कुछ और बड़े हो गए हैं और उनका महानायकत्व कुछ और असंदिग्ध हो गया है। इसलिए कि यह बात अब पब्लिक डोमेन में आ गई है कि 1937 में 'बंदे मातरम' के सिलसिले में उनके फैसले रवींद्रनाथ टैगोर की सलाह पर आधारित थे और टैगोर की ही सलाह पर कांग्रेस ने 1937 में फैसला किया था कि उसकी प्रमुख बैठकों में बंदे मातरम का केवल पहला भाग गाया जाएगा।

बकौल इतिहासकार व लेखक सुगत बोस रू 1937 के अक्टूबर–नवंबर में कलकत्ता (अब कोलकाता) में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की बैठक के समय सुभाषचंद्र बोस और जवाहरलाल नेहरू ने साथ मिलकर काम किया।

उस समय एक बेहद संवेदनशील विषय पर रवींद्रनाथ टैगोर की सलाह ली और वह था बंदे मातरम। रवींद्रनाथ की सलाह पर ही कांग्रेस ने इस एआईसीसी बैठक में निर्णय लिया कि अब से पार्टी की राष्ट्रीय बैठकों में गीत का केवल पहला भाग गाया जाएगा, जो हमारे देश के राष्ट्रीय वैभव का एक सुंदर उद्घोष है। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि टैगोर को लगता था कि हमें अपने राष्ट्रवादी आंदोलन में एकता एवं सहमति की जरूरत है और वह विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच प्रतिद्वंद्विता नहीं चाहते थे।

साप्ताहिक
सबका जम्मू कश्मीर

संपादकीय

गारंटी की परीक्षा

संपादक – राज कुमार

भारत की ग्रामीण रोज़गार कहानी केवल नौकरियों, आवंटन या बजटीय आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह उस गहरे प्रश्न से जुड़ी है कि भारतीय राज्य अपने सबसे गरीब नागरिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को कैसे परिभाषित करता है। बीते चार दशकों में देश की प्रमुख ग्रामीण रोज़गार योजनाओं का स्वरूप चुपचाप लेकिन निर्णायक रूप से बदला है। यह यात्रा राहत आधारित विवेकाधीन सहायता से शुरू होकर अधिकार आधारित गारंटी तक पहुची और अब धीरे–धीरे एक अधिक नियंत्रित, वित्तीय रूप से सीमित ढांचे की ओर बढ़ती दिखाई देती है। यह बदलाव केवल आजीविका से संबंधित नहीं है, बल्कि शासन की सोच और संवैधानिक मूल्यों के विकास को भी उजागर करता है। शुरुआती दौर में ग्रामीण रोज़गार योजनाओं को कल्याणकारी उपाय के रूप में देखा जाता था। काम तब मिलता था जब धन उपलब्ध होता था और प्रशासनिक इच्छा मौजूद होती थी। इसमें काम मांगने का कोई अधिकार नहीं था। स्थानीय शक्ति संरचनाएं और सामाजिक असमानताएं इस प्रक्रिया को प्रभावित करती थीं। राज्य एक दयालु संरक्षक की भूमिका में था, जबकि मज़दूर सहायता पाने वाला एक आश्रित व्यक्ति माना जाता था। इस व्यवस्था में जवाबदेही का अभाव था और रोज़गार को नागरिक अधिकार नहीं, बल्कि सरकारी कृपा के रूप में देखा जाता था। मध्य 2000 के दशक में यह सोच एक निर्णायक मोड़ पर पहुंची। संसद ने ग्रामीण मज़दूरी को कानूनी अधिक. ार का दर्जा दिया। यह केवल नीति परिवर्तन नहीं था, बल्कि राज्य और नागरिक के संबंध में एक मौलिक बदलाव था। ग्रामीण श्रमिक अब याचक नहीं, बल्कि अधिकार का दावा करने वाला नागरिक बन गया। काम की मांग करना उसका कानूनी हक बना और प्रशासन की विफलता सैद्धांतिक रूप से जवाबदेही के दायरे में आई। इस अधिकार आधारित ढांचे का संवैधानिक महत्व गहरा था, क्योंकि इसने आर्थिक सुरक्षा को अधिकारों की भाषा में स्थापित किया और स्थानीय स्वशासन को इसके केंद्र में रखा। इस मॉडल का उद्देश्य केवल आय समर्थन नहीं था। इसके माध्यम से गांवों को अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार काम की योजना बनाने, स्थायी परिसंपत्तियां सृजित करने और सामाजिक निगरानी के जरिए पारदर्शिता सुनिश्चित करने की उम्मीद की गई थी। मजदूरी को लोकतंत्र को मजबूत करने वाले औजार के रूप में देखा गया, न कि केवल एक बजटीय व्यय के रूप में। पिछले एक दशक में तकनीक आधारित सुधारों ने इस संरचना को नए सिरे से ढाला। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और मोबाइल ऐप आधारित निगरानी ने पुराने भ्रष्टाचार के रास्तों को सीमित किया और स्थानीय स्तर पर जमी हुई संरक्षक–प्रणालियों को कमजोर किया। वित्तीय पारदर्शिता बढ़ी और धन का प्रवाह अधिक साफ–सुथरा हुआ। लेकिन इसके साथ ही सत्ता का संतुलन ऊपर की ओर खिसक गया। केंद्रीय डिजिटल प्रणालियों पर निर्भरता बढ़ने से तकनीकी त्रुटियों, डेटा गलतियों या नाम कटने जैसी समस्याओं के कारण कई श्रमिकों के लिए नए प्रकार का बहिष्करण पैदा हुआ। दक्षता तो बढ़ी, पर मानवीय त्रुटि के लिए जगह कम होती चली गई। अब ग्रामीण रोज़गार नीति के प्रस्तावित नए स्वरूप में एक और गहरा बदलाव दिखाई देता है। कागज़ पर अधिक काम के दिनों का वादा किया जाता है, लेकिन गारंटी की आत्मा ही बदलती नजर आती है। मांग आधारित अधिकार के स्थान पर मानक आधारित आवंटन आ जाता है। राज्यों को केवल क्रियान्वयनकर्ता नहीं, बल्कि सह–वित्तपोषक बना दिया जाता है, जिससे उन्हें मांग पूरी करने के बजाय उसे नियंत्रित करने का प्रोत्साहन मिलता है। मौसमी विराम जैसी व्यवस्थाएं इस विचार को कमजोर करती हैं कि संकट के समय काम उपलब्ध होना चाहिए, न कि केवल कैलेंडर के अनुसार। कानूनी गारंटी की ताकत उसकी लागू करने की क्षमता में होती है। जब सीमाएं, विराम और वित्तीय शर्तें व्यवस्था में स्थायी रूप से जुड़ जाती हैं, तो बोझ धीरे–धीरे फिर श्रमिक पर आ जाता है। उसे इंतजार करना पड़ता है, परिस्थितियों के अनुसार ढलना पड़ता है या बिना काम के रहना पड़ता है। जिसे विकेंद्रीकरण कहा जा रहा है, वह वास्तव में बिना सत्ता के विक. ेंद्रीकृत क्रियान्वयन बनकर रह सकता है। भारत की ग्रामीण रोज़गार योजना हमेशा केवल सुरक्षा जाल से अधिक रही है। यह नागरिक और राज्य के संबंध की घोषणा है। यदि यह गारंटी एक प्रबंधित लाभ में बदल जाती है, जिसे मांगने के बजाय केवल स्वीकार किया जाए, तो देश एक कठिन संघर्ष से अर्जित संवैधानिक प्रतिबद्धता से पीछे हटने का जोखिम उठाएगा। असली प्रश्न यह नहीं है कि कितने दिन काम का वादा किया गया है, बल्कि यह है कि क्या ग्रामीण श्रमिक के पास अब भी वह नैतिक और कानूनी अधिकार बचा है, जिससे वह काम की मांग कर सके।

जिन सुभाष चंद्र बोस को पब्लिक ने सिर आंखों पर बिठाया, उनकी इतनी उपेक्षा क्यों हुई?

कमलेश पांडे

हमारे हाल के इतिहास के दो हीरो पिछले एक दशक से अचानक धो–पोंछकर चमकाए जा रहे हैं. इनमें से एक हैं स्वामी विवेकानंद और तो दूसरे नेता जी सुभाष चंद्र बोस. डेढ़ दशक पहले तक ये पब्लिक के हीरो तो थे मगर सरकारों ने कभी भी इन्हें प्रतिष्ठित करने की नहीं सोची. लेफ़्टिस्ट और लिबरल लोग इन्हें धार्मिक और फासिस्ट बता कर खारिज करते रहे तो राइटिस्ट को कभी इनमें कोई मसाला नहीं मिला. पर अब इन दोनों को सब याद कर रहे हैं. सुभाष बोस तो आजादी के ऐसे हीरो हैं, जिनकी सदैव अनदेखी ही की गई. 1939 की त्रिपुरी कांग्रेस में जीतने के बाद भी इन्हें अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ा. वे कट्टर देशभक्त थे परंतु सरकारें उन्हें कभी अपना नहीं सकीं. आधिकारिक तौर पर भले उन्हें भगोड़ा बताया गया हो पर पब्लिक ने सदैव उन्हें सिर आंखों रखा.

अंग्रेजों का दुश्मन सुभाष का दोस्त

अब भले ही उन्हें सरकार भी पूछ रही हो लेकिन सरकार ने कोई जांच नहीं शुरू करवाई कि सुभाष बोस 18 अगस्त 1945 को वाकई एक विमान दुर्घटना में मारे गए थे. अथवा वे रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गए. चूंकि दूसरा विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद मित्र राष्ट्रों की नजर में जर्मनी व जापान को दोषी करार दिया गया और इसी नाते नेता जी भी दूसरे विश्वयुद्ध के खलनायक समझ गए.

मगर नेता जी का मकसद अलग था वे कोई बाजार की होड़ में आकर इस युद्ध में जर्मनी व जापान के साथ नहीं कूदे. उनका मकसद तो भारत को अंग्रेजों से आजाद करना था. उन्हें भारत में कांग्रेस से कोई उम्मीद नहीं दिखी इसलिए उन्होंने उन सब की मदद ली जो उनकी नज़र में ब्रिटेन से लड़ रहे थे. फिर वे भले फासिस्ट रहे हों या डेमोक्रेटिक शक्तियां. उनका उद्देश्य था किसी तरह अंग्रेजों को पराजित करना.

नेता जी का कांग्रेस पर वर्चस्व

कांग्रेस और महात्मा गांधी 1939 से 1942 के शुरुआती सात महीनों तक युद्ध को लेकर अपना स्टैंड साफ नहीं कर पा रहे थे. किंतु नेताजी की सक्रियता देखकर अचानक 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने भी अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दे दिया. यह बताता है कि कांग्रेस के अंदर नेताजी के विचारों का दबाव इतना अधिक था कि गांधी जी को भी खुलकर अंग्रेजा. ें के विरुद्ध कड़े रूख का आह्वान करना पड़ा. यद्यपि कांग्रेस के भीतर जवाहर लाल नेहरू ने उनको आगे लाने के प्रयास किए थे. नेहरू जी जब अध्यक्ष निर्वाचित हुए तब उन्होंने युवा सुभाष बोस को अपना सहायक भी नियुक्त किया था. युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने का काम भी सौंपा. नेहरू जी ने उन्हें योरोप भी भेजा था ताकि वे जर्मनी में चल रहे सोशलिस्ट इंटरनेशनल को समझ सकें.

कलेक्टरी को लात मार दी

23 जनवरी 1897 को कटक में एक बंगाली परिवार में जन्में सुभाष चंद्र बोस को अपने घर पर अपनी माँ से देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम के संस्कार मिले थे. देश की आजादी को लेकर तमाम तरह के प्रश्न उनके मस्तिष्क में घुमड़ा करते और उनकी माँ यथासंभव उन्हें शांत करने का प्रयत्न करतीं. पहले तो उन्हें लगा कि देश की जनता की सेवा अंग्रेज सरकार में कलेक्टर बनकर की जा सकती थी इसलिए वे लंदन जाकर सिविल सेवा की परीक्षा में बैठे और पास हुए पर फिर लगा कि यह सिर्फ मृग मरीचिका ही है.

वे सरकारी सेवा में रहकर अंग्रेज स्वामियों के विरुद्ध नहीं जा सकते इसलिए उन्होंने इस नौकरी को लात मार दी और राजनीति में आ गए. उनकी मशहूर पुस्तक तरुणाई के सपने में यह सब बातें विस्तार से बताई गई हैं. देश सेवा का जज्बा सिर्फ महत्वाकांक्षा पालना ही नहीं है बल्कि उसे पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करना भी है.

नौकरी जीवन का मकसद नहीं

सुभाषचंद्र बोस के पिता बंगाल प्रांत के ओडिशा डिवीजन में कटक में वकालत करते थे. उनकी मां प्रभावती देवी एक सामान्य घरेलू महिला थीं. अपने चौदह भाई–बहनों में सुभाष बोस नौवें नंबर के बच्चे थे. कटक के प्रोटेस्टेंट स्कूल में उनकी शुरुआती पढ़ाई हुई. 1913 में वे कोलकाता के प्रेसीडेंसी कॉलेज में गए और बाद में स्कॉटिश चर्च कॉलेज से दर्शन में उन्होंने बीए किया. अपने पिता की इच्छा को पूरा करते हुए वे इंग्लैंड गए और वहां के फिट्ज बिलियन कॉलेज से पढ़ाई पूरी की और इंडियन सिविल सर्विस की परीक्षा में बैठे और जल्द ही उन्हें लग गया कि कलेक्टर बनना और देश सेवा में फर्क है.

इसलिए सिविल सर्विस की परीक्षा के 1919 बैच में चयनित होने तथा चौथे नंबर पर आने के बाद भी उन्होंने सरकारी नौकरी नहीं की. 1921 में उन्होंने इंडियन सिविल सर्विस से इस्तीफा दे दिया. इस्तीफे के पूर्व उन्होंने अपने बड़े भाई शरतचंद्र बोस को एक पत्र लिखा कि मात्र नौकरी करना ही जीवन का लक्ष्य नहीं हो सकता. अपनी मातृभूमि के प्रति भी उनका कोई दायित्व है.

बाबू चितरंजन दास ने सुभाष की प्रतिभा को पहचाना

नेता जी भारत लौट आए और राजनी. ति में कुछ करने के लिए वे कांग्रेस के निकट आए. उस वक्त कांग्रेस में जिन क्षत्रपों की तूती बोलती थी उनमें से एक चितरंजन दास थे. बाबू चितरंजन दास कई मायनों में गांधी जी से अलगराय रखते थे. दास बाबू ने नेताजी की प्रतिभा पहचानी और उन्हें बंगाल कांग्रेस की प्रांतीय कमेटी का प्रभारी बना दिया. साथ में नेता जी दास बाबू का अखबार स्वराज और फारवर्ड का कामकाज भी देखने लगे.

जल्दी ही नेताजी काम करने की अपनी ललक, मेहनत व जनसंपर्क के चलते बंगाल ही नहीं पूरे देश की कांग्रेस में पहचाने जाने लगे. नेताजी युवाओं के बीच इतने लोकप्रिय हो गए कि कांग्रेस की युवा इकाई का उन्हें अध्यक्ष चुन लिया गया. तब ही दास बाबू कलकत्ता नगर निगम में मेयर चुने गए तो उन्होंने नेता जी सुभाष चंद्र बोस को निगम का सीईओ बना दिया.

नेहरू से निकटता

निगम व सरकार में टकराव हुआ तो सुभाष बाबू को गिरफ्तार कर अंग्रेज सरकार ने बर्मा प्रांत की मांडला जेल में डाल दिया. वहां से नेता जी 1927 में आजाद हुए और उनके जेल से रिहा होते ही उन्हें कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव बना दिया गया. इसी दौरान सुभाष बाबू की निकटता जवाहर लाल नेहरू से हुई जो उनसे महज आठ साल बड़े थे. दोनों ही प्रतिभाशाली और आजाद ख्यालों और विचारों के. जवाहर लाल जी जब कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए तो उन्होंने कांग्रेस का कामकाज देखने के लिए अपना सहायक सुभाष बोस को रखा.

सुभाष बाबू एक अद्भुत स्वप्नदृष्टा थे. शायद इसीलिए उन्हीं दिनों उन्होंने कलकत्ता में कांग्रेस की अखिल भारतीय सभा उन्होंने करवाई और कांग्रेस स्वयंसेवकों की कमांडरी उन्हें सौंपी गई. बतौर कमांडर उनके काम की तारीफ खुद महात्मा गांधी ने भी की थी. उनकी इस कमांडरी के बाद ही उन्हें नेताजी का खिताब मिला.

अंग्रेजों की कड़ी नजर

1929 में नेता जी पुनरू गिरफ्तार कर लिए गए. रिहा होने के बाद वे लंदन गए और वहां पर तमाम यूरोपीय नेताओं से मिले. वे कम्युनिस्ट नेताओं के भी संपर्क में आए और फासिस्ट नेताओं के भी. अंग्रेज सरकार के एजेंट इस युवा नेता की हर गतिविधि पर नजर रखे थे. उन्हें लगा कि कांग्रेस में इसकी बढ़ती लोकप्रियता और इस नेता के विचार पूरी पार्टी को यूरोप के मित्र देशों के हितों के विरुद्ध ले जाएंगे.

इसलिए कहा जाता है कि उन्होंने गांधी जी पर दबाव बनाया कि अगर नेता जी सुभाष चंद्र बोस की गतिविधियों पर रोक न लगाई गई तो भारत को आजाद करने के जिस प्लान पर वे सोच रहे हैं उस पर अंकुश लग जाएगा. उधर नेता जी कांग्रेस के भीतर युवाओं के हीरो बन चुके थे. यही कारण था कि 1938 में गुजरात के हरिपुरा में हुई कांग्रेस में अध्यक्ष चुन लिए गए.

नेहरू व मौलाना आजाद दोनों पीछे हटे

दूसरा विश्वयुद्ध जब छिड़ा तब गांधी जी पर अंग्रेजों का दबाव था कि वे उनकी फौज के लिए जवान भरती कराएं. पर कांग्रेस में इस बात का घोर विरोध हुआ. इसलिए अगले ही वर्ष जबलपुर के त्रिपुरी में जब कांग्रेस बैठी तो गांधी जी ने नेता. जी की पुनरू अध्यक्षी का घोर विरोध किया. सुभाष बोस को रोकने के लिए उन्होंने जवाहर लाल नेहरू से अध्यक्ष पद हेतु चुनाव लड़ने के लिए कहा. मगर जवाहर लाल नेहरू समझ रहे थे कि नेता जी के विरोध का मतलब सीधे अलोकप्रिय हो जाना है इसलिए उन्होंने गांधी जी को जवाब भेजा कि एक तो इस समय मैं लंदन में हूं, आ नहीं सकता दूसरे एक बार मैं रह चुका हूं इसलिए दुसरे युवा मौलाना आजाद को आप कहें. मगर मौलाना तो सिरे से ही नहीं कर दिया क्योंकि वे ताड़ गए कि उन्हें बलि का बकरा बनाया जा रहा है.

पट्टाभि नेता जी से लड़े और हारे

अंत में गांधी जी ने अपने विश्वस्त पट्टाभि सीतारामैया को चुनाव नेता जी के विरुद्ध चुनाव लड़वाया. मगर वे चुनाव हार गए तथा नेता जी सुभाष चंद्र बोस फिर से अध्यक्ष चुन लिए गए. इस पर गांधी जी ने खुलकर कहा कि यह मेरी हार है और मैं अनशन करूंगा. तब नेताजी पर दबाव बना और उन्होंने अध्यक्षी बाबू राजेंद्र प्रसाद को सौंप दी. इसके बाद नेता जी ने कांग्रेस छोड़ दी और बंगाल आकर 22 जून 1939 को आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के नाम से अलग पार्टी बनाई जिसका झुकाव कम्युनिज्म के प्रति अधिक था.

कांग्रेस के उनके सहयोगी एमएन धेवर भी कांग्रेस छोड़कर नेता जी के साथ चले गए.

साप्ताहिक
सबका जम्मू कश्मीर

आरएस पुरा में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

सबका जम्मू कश्मीर

आरएस पुरा। आरएस पुरा के देवी द्वारा मंदिर में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर मुख्य तौर पर उपस्थित रहे इसके अलावा पूर्व मंत्री चौधरी श्यामलाल, सामा. जिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश आडवाणी, पूर्व नगर अध्यक्ष सतपाल पपी, सामाजिक कार्यकर्ता राज. कुमार गुप्ता के साथ–साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए लोगों के साथ–साथ हिंदू समुदाय के लोग भी इस विराट संत सम्मेलन में शामिल हुए।

इस मौके पर अपने विचार प्रकट करते हुए अखिल भारतीय शहर प्रचार प्रमुख जम्मू कश्मीर नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि अब समय आ चुका है कि हिंदू समुदाय के लोग एकजुट होकर काम करें। उन्होंने कहा कि समाज में हमें उन लोगा. ें की पहचान करने की जरूरत है जो हिंदू धर्म को तोड़ने के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस तरह के हिंदू सम्मेलनों में हमें हिस्सा लेना चाहिए ताकि अपने लक्ष्य के बारे में जानकारी मिल सके। ठाकुर ने कहा कि देश के भीतर तथा देश के बाहर देश विरोधी चाहते हैं वह लगातार हिंदू समुदाय को कमजोर करने में लगी हुई है और उनके खिलाफ हमें एकजुट होकर काम करने की जरूरत है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री चौधरी श्यामलाल, अनिल कपूर, विक्रम शर्मा, हजूरी सिंह, कुलदीप सिंह, शशि उत्तम, विनय गुप्ता सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

tEew laHkkx ds lkFk HksnHkko can djs us'kuy dkaÝsal ljdkj% o#.k 'kekZ

सबका जम्मू कश्मीर

आरएस पुरा। जनता दल यूनाइटेड जम्मू कश्मीर के जिला अध्यक्ष वरुण शर्मा की तरफ से आज एक पत्रकार वार्ता का आयोजन कर जम्मू कश्मीर सरकार पर जम्मू संभाग के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। गांव ब्रिज नगर में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष वरुण शर्मा ने कहा कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधीन आने वाले मेडिकल कॉलेज में हिंदू समुदाय के विद्यार्थियों के साथ अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि 50 मेडिकल सीट में से जम्मू के हिंदू विद्यार्थियों को मात्र पांच सीट ही दी गई हैं जोकि जम्मू कश्मीर सरकार के भेदभाव वाली नीति को उजागर करता है। इसके साथ ही उन्होंने संतोष ट्रॉफी के लिए चुने गए फुटबॉल खिलाड़ियों में जम्मू के नौजवानों को अनदेखा किया जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि 22 खिलाड़ियों को इस ट्रॉफी के लिए चुना गया है जो की सभी कश्मीर के हैं। उन्होंने कहा कि जनता दल यूनाइटेड इन सब मुद्दों को लेकर आने वाले दिनों में सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेगी। उन्होंने जम्मू संभाग के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने हको के लिए एकजुट होकर आगे आए हैं।

डोगरी संस्था जम्मू द्वारा कृष्णा प्रेम की बाल साहित्य कृतियों का विमोचन

सबका जम्मू कश्मीर

जम्मू। क्षेत्र की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था, डोगरी संस्था जम्मू (पंजीकृ त) ने कुंवर वियोगी सभागार, डोगरी भवन, कर्ण नगर, जम्मू में एक पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध लेखिका कृष्णा प्रेम द्वारा रचित दो डोगरी तथा एक हिंदी बाल साहित्य की पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। विमोचित पुस्तकों में "कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती", "कुंडली उड़ारी" और "इंद्रधनुष" शामिल हैं।

समारोह की अध्यक्षता पद्मश्री प्रो. ललित मगोत्रा, अध्यक्ष, डोगरी संस्था जम्मू ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि बाल साहित्य समाज की नैतिक और सांस्कृतिक चेतना की नींव रखता है। उन्होंने सकारात्मक कथानकों और कल्पनाशील अभिव्यक्ति के माध्यम से युवा मनों को संबोधित करने हेतु श्रीमती कृष्णा प्रेम की सराहना की।

मुख्य अतिथि, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एवं सुप्रसिद्ध डोगरी लेखक अशोक अंगुराना ने लेखिका को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों के लिए लेखन एक चुनौतीपूर्ण साहित्यिक विधा है, जिसमें ईमानदारी, जिम्मेदारी और भावनात्मक गहराई की आवश्यकता होती है। उन्होंने क्षेत्र में साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए डोगरी संस्था जम्मू के सतत प्रयासों की भी प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. जितेंद्र उधमपुरी ने इन पुस्तकों को रंगीन, मूल्यपरक और बच्चों में जिज्ञासा, आशावाद तथा रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने वाली कृ तियाँ बताया। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल विचलनों के दौर में ऐसी रचनाएँ अत्यंत आवश्यक हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए कृष्णा प्रेम ने अपनी पुस्तकों के विमोचन हेतु डोगरी संस्था जम्मू का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए लेखन का उनका मुख्य उद्देश्य सरल भाषा और सहज विषयों के माध्यम से आत्मविश्वास, नैतिक बल और आनंद का संचार करना है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि यदि साहित्य स्नेह और ईमानदारी से बच्चों से संवाद करे, तो वह उनके जीवन का मार्गदर्शक साथी बन सकता है।

पुस्तकों पर एक विस्तृत समीक्षात्मक आलेख प्रो. वीणा गुप्ता, उपाध्यक्ष, डोगरी संस्था जम्मू द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें कृतियों की शैक्षिक प्रासंगिकता, विषयवस्तु की समृद्धि और बालोचित भाषा पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का सफल संचालन पवन वर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. वीणा गुप्ता ने प्रस्तुत किया। उन्होंने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, लेखकों तथा साहित्य प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

जीएचएसएस टिकरी को पर्यावरण के अनुकूल स्कूल डेस्क मिले

सबका जम्मू कश्मीर

उधमपुर : उधमपुर की उपायुक्त सलोनी राय ने सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय टिकरी का दौरा किया और स्कूल को पुनर्चक्रित अपशिष्ट पदार्थों से निर्मित पर्यावरण के अनुकूल डेस्क की एक खेप भेंट की। कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के तहत एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड और आईपीसीए द्वारा स्कूल को ये डेस्क दान किए गए हैं। इस अवसर पर शिक्षा संयुक्त निदेशक उधमपुर–रियासी रेंज, जगदीश चंद्र और मुख्य शिक्षा अधिकारी सुभाष गुप्ता, डीसी के साथ उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, उपायुक्त ने विद्यालय प्रशासन, कर्मचारियों और छात्रों को बधाई दी। उन्होंने एसबीआई कार्ड और आईपीसीए के सराहनीय सीएसआर प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में योगदान देते हुए शिक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में ऐसे पर्यावरण अनुकूल पहलों के महत्व पर बल दिया।

डीसी ने प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन और विद्यालय के बुनियादी ढांचे में सुधार पर इस पहल के दोहरे फोकस की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन पुनर्चक्रित डेस्क की व्यवस्था का उद्देश्य छात्रों के लिए बेहतर और अधिक अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाना है, साथ ही पुनर्चक्रण और टिकाऊ प्रथाओं के बारे में जागरूकता फैलाना भी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस तरह की पहल शिक्षा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने में अधिक सामुदायिक भागीदारी और कॉर्पोरेट सहभागिता को प्रेरित करेगी।

जनमत को आकार देने और विकसित भारत के विज़न को आगे बढ़ाने में मीडिया की अहम भूमिकाः रोहिन चंदन

सबका जम्मू कश्मीर

जम्मू। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) जिला जम्मू दक्षिण के मीडिया सचिव रोहिन चंदन ने भारत को बदलने और 2047 तक विकसित भारत (विकसित देश) के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर देश को ले जाने में मीडिया की अपरिहार्य भूमिका पर जोर दिया है। मीडिया के योगदान की पुरजोर पुष्टि करते हुए चंदन ने सकारात्मक बदलाव लाने और जन जागरूकता बढ़ाने में इसकी सक्रिय भागीदारी पर प्रकाश डाला।

चंदन ने कहा कि मीडिया सिर्फ़ एक मूक दर्शक नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय चर्चा को आकार देने, जनमत को प्रभावित करने और सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने में एक गतिशील शक्ति के रूप में काम करता है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि मीडिया महत्वपूर्ण मुद्दों, सरकारी नीतियों और विकास पहलों के बारे में नागरिकों में जागरूकता पैदा करने में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। उन्होंने आगे कहा कि यह सक्रिय भागीदारी आम जनता को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में सूचित भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक है। चंदन ने विशेष रूप से प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और उन्हें व्यापक राष्ट्रीय आंदोलनों में बदलने में मीडिया के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छ भारत अभियान, आत्मनिर्भर भारत और स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों के कवरेज और प्रचार की प्रशंसा की। चंदन ने कहा कि व्यापक रिपोर्टिंग, अभियानों और सार्वजनिक जुड़ाव के माध्यम से मीडिया ने इन कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक जन आंदोलनों में बदल दिया है जिससे लाखों लोगों को स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और उद्यमशीलता नवाचार में योगदान करने के लिए प्रेरित किया गया है। स्वच्छ भारत ने पूरे देश में स्वच्छता और साफ–सफाई में क्रांति ला दी है और आत्मनिर्भर भारत ने स्वदेशी विनिर्माण और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा दिया है जबकि स्टार्टअप इंडिया ने युवाओं के नेतृत्व वाले नवाचार और रोज़गार सृजन की लहर ला दी है।

इसके अलावा चंदन ने मीडिया को किसी भी ऐसे संगठन की रीढ़ बताया जो आम जनता से सीधा संबंध चाहता है। आज के डिजिटल युग में जो तेज़ सूचना प्रवाह और सोशल मीडिया के प्रभुत्व की विशेषता है, मीडिया नीति निर्माताओं और जनता के बीच की खाई को पाटकर लगातार अनुकरणीय परिणाम देता है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर तुरंत जुड़ने की मीडिया की क्षमता यह सुनिश्चित करती है कि सरकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच. ें जिससे समावेशिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिलता है। चंदन के अनुसार यह सीधा जुड़ाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न कल्याण और विकास अभियानों की सफलता में महत्वपूर्ण रहा है।

केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने एसओएस चिल्ड्रन विलेज का किया दौरा

सबका जम्मू कश्मीर

जम्मू। पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2, जम्मू कैंट, के विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य सुनील कुमार यादव के मार्गदर्शन में एसओएस चिल्ड्रनस् विलेज, जम्मू का दौरा किया और वहाँ के बच्चों के लिए सर्दियों के स्वेटर, मोज़े, स्टेशनरी तथा खाद्य सामग्री भेंट की।

ये सभी वस्तुएँ 28 नवंबर को आयोजित बाल मेले से प्राप्त धनराशि से खरीदी गई थीं।

कई विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत रूप से भी उदार योगदान दिया, जिसमें गेहूँ का आटा, खाद्य तेल, चॉकलेट तथा अन्य उपयोगी सामग्री शामिल थी, जो उनके सहायता–भाव और सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाता है। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को सहानुभूति, सेवा–भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक जीवनभर याद रहने वाला पाठ सिखाया।

जम्मू-कश्मीर में तीर्थयात्रा और पर्यटन को बदल देंगे रोपवे प्रोजेक्टः रमन सूरी

सबका जम्मू कश्मीर

जम्मू। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता रमन सूरी ने कहा कि जम्मू–कश्मीर के प्रमुख पर्यटन और धार्मिक स्थलों पर रोपवे प्रोजेक्ट का निर्माण न केवल इन जगहों के विकास के लिए, बल्कि देश भर के श्रद्धालुओं के लिए तीर्थयात्रा को सुरक्षित, आसान और सुलभ बनाने के लिए भी गेम–चेंजर साबित होगा।

रमन सूरी ने कहा कि श्रीनगर के ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर को बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा से जोड़ने वाले एक महत्वाकांक्षी रोपवे के निर्माण की तैयारी चल रही है, जो पूरा होने के बाद तीर्थयात्रियों और पर्यटकों दोनों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने पहले ही इस प्रोजेक्ट के लिए टेक्निकल बिड आमंत्रित कर ली हैं और सभी प्रस्तावित रोपवे पहलों के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर ली गई हैं, जो समय पर काम पूरा करने के प्रति भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की गंभीरता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मौजूदा रोपवे प्रोजेक्ट की सफलता पर प्रकाश डालते हुए बीजेपी नेता ने कहा कि जहां भी रोपवे शुरू किए गए हैं वहां तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय और कई गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने माता वैष्णो देवी भवन को भैरों बाबा मंदिर से जोड़ने वाले रोपवे का उदाहरण दिया जिसने श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि की है और लाखों भक्तों की यात्रा को आसान बनाया है।

रमन सूरी ने कहा कि हर साल जम्मू–कश्मीर में एक करोड़ से ज़्यादा तीर्थयात्री विभिन्न धार्मिक स्थलों पर जाते हैं लेकिन कई इलाक. ों में मुश्किल रास्तों और कठिन इलाकों के कारण श्रद्धालु यात्रा करने से हिचकिचाते हैं। उन्होंने कहा कि खासकर बाबा अमरनाथ यात्रा सबसे चुनौतीपूर्ण तीर्थयात्राओं में से एक है। ऊबड़–खाबड़ पहाड़, खराब मौसम और शारी. रिक थकान अक्सर बुजुर्ग श्रद्धालुओं और स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों को हतोत्साहित करती है।

उन्होंने आगे कहा कि बाल्टाल से अमरनाथ गुफा तक प्रस्तावित रोपवे इन कठिनाइयों को काफी कम कर देगा। सूरी ने जोर देकर कहा कि एक रोपवे यात्रा को सुरक्षित और अधिक आरामदायक बनाएगा खासकर उन तीर्थयात्रियों के लिए जिन्हें लंबी दूरी तक ट्रेकिंग करना मुश्किल लगता है। यह कठिन यात्रा के दौरान थकान या दिल के दौरे से होने वाली मौतों सहित दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को कम करने में भी मदद करेगा।

वरिष्ठ बीजेपी नेता ने कहा कि ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पूरे देश में एक मजबूत और सकारात्मक संदेश भेजेंगे जो जम्मू–कश्मीर को तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के अनुकूल गंतव्य के रूप में दिखाएगा। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी और आसानी से पहुँचने की सुविधा से यात्रियों की संख्या बढ़ेगी, धार्मिक पर्यटन मज़बूत होगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर पैदा होंगे।

रमन सूरी ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया की भूमिका की तारीफ़ की और भरोसा जताया कि अथॉरिटी तय समय सीमा के अंदर इन रोपवे प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि पर्यटन और तीर्थयात्रा को बढ़ावा देने के प्रयास बहुत सराहनीय हैं लेकिन यह भी उतना ही ज़रूरी है कि रोपवे और दूसरे डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स समय पर पूरे हों ताकि तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय लोगों को ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा मिल सके।

उन्होंने फिर से कहा कि बीजेपी के नेतृत्व में भारत में लोगों की सुविधा, सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट जम्मू–कश्मीर के लिए भी सबसे बड़ी प्राथमिकता बनी रहेगी और इस केंद्र शासित

गीत नए साल पर

जुग–जुग जीवे भारत प्यारा सब को साल मुबारक।
सागर धरती अम्बर सारा सब को साल मुबारक।
देश विदेशों में बैठे मेहनतकार जवानों।
हरियाली खुशहाली देवे सिर पर प्यार जवानों।
धरती को चुमे उजियारा सब को साल मुबारक।
जुग–जुग जीवे भारत प्यारा सब को साल मुबारक।
बीच सियासत शक्ति भक्ति शुद्ध बुद्धि आ जाए।
धर–घर आधुनिक यंत्र आएं विकसित देश कहाए।
शुभ तिरंगे का है नारा सब को साल मुबारक।
जुग–जुग जीवे भारत प्यारा सब को साल मुबारक।
सब धर्मो की एक ईकाई दूजे के काम आना।
तां कि दीपक जगमग चमके तेल निरंतर पाना।
इस के बिन नहीं कोई चारा सब को साल मुबारक।
जुग–जुग जीवे भारत प्यारा सब को साल मुबारक।
इस की सुन्दर कलगी अन्दर शोभित है कुर्बानी।
नवयुग परिवर्तन की प्रबल लौकिक प्रीत कहानी।
जनवादी नवनीत नज़ारा सब को साल मुबारक।
जुग–जुग जीवे भारत प्यारा सब को साल मुबारक।
धर्म–कर्म की श्रद्धा होवे परिश्रम भीतर सृजन।
संपूर्णता में उमंगे समतव होवे आर्पण।
झुग्गी–झोंपड बीच नज़ारा सब को साल मुबारक।
जुग–जुग जीवे भारत प्यारा सब को साल मुबारक।
मानवता की ज्योति प्रज्वलित विभिन्न शब्दों अन्दर।
पूजा अर्चन बीच सुगंधी होवे अनुपम मंज़र।
मन्दिर मस्जिद एंव गुरूद्वारा सबको साल मुबारक।
जुग–जुग जीवे भारत प्यारा सब को साल मुबारक।
शुभ इच्छाएं शुभआसीसें मालिक सब को देवे।
एक गुलदस्ता, जलते दीपक, थाल में गुड़ एंव मेवे।
बालम गीतों का बंजारा सब को साल मुबारक।
जुग–जुग जीवे भारत प्यारा सब को साल मुबारक।

बलविंदर बालम गुरदासपुर
ओंकार नगर गुरदासपुर पंजाब
मों– 98156–25409

गुलाबगढ़, किश्तवाड़ में पैडर क्रिकेट प्रीमियर लीग-2025 का सफल आयोजन

सबका जम्मू कश्मीर

किश्तवाड : भारतीय सेना द्वारा किश्तवाड़ जिले के गुलाबगढ़ क्षेत्र में पैडर क्रिकेट प्रीमियर लीगदृ2025 का सफल आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ 24 नवंबर 2025 को किया गया था, जिसमें पैडर क्षेत्र की कुल 32 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन ने क्षेत्र के युवाओं और स्थानीय लोगों के बीच खेल भावना और आपसी भाईचारे को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई।

टूर्नामेंट के दौरान कुल 30 रोमांचक लीग मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने अपने कौशल, अनुशासन और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुक. ाबला कार्थई 11 और सीजी लायंस टीम के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा। इस मुक. ाबले में सीजी लायंस टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और पैडर क्रिकेट प्रीमियर लीगदृ2025 की विजेता बनी।

विजेता टीम सीजी लायंस को चौंपियनशिप ट्रॉफी के साथ 16,000 रुपये की नकद राशि प्रदान की गई।

वहीं उपविजेता टीम कार्थई 11 को ट्रॉफी और 8,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा टूर्नामेंट में उत्कृ ष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

'मैन ऑफ द सीरीज' और 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब हासिल करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। निष्पक्ष और अनुशासित ढंग से मैचों का संचालन करने वाले दो अंपायरों को भी उनके योगदान के लिए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस क्रिकेट टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना था, साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, अनुशासन और टीम भावना को बढ़ावा देना भी इसका अहम लक्ष्य रहा। भारतीय सेना की इस पहल से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ी और उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

स्थानीय लोगों द्वारा इस आयोजन की खूब सराहना की गई और इसे अत्यंत सफल बताया गया।

इस तरह के आयोजनों से न केवल युवाओं को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि स्थानीय समुदाय और सशस्त्र बलों के बीच आपसी विश्वास, सौहार्द और सहयोग की भावना भी और अधिक मजबूत होती है। गुलाबगढ़ में आयोजित पैडर क्रिकेट प्रीमियर लीगदृ2025 भारतीय सेना और स्थानीय जनता के बीच मजबूत रिश्तों का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरी है।

पूर्व सरपंच अक्षय कुमार डफ ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बताया झूठा

सबका जम्मू कश्मीर

आरएस पुरा। ब्लॉक सुचेतगढ़ की चक बाजा पंचायत के पूर्व सरपंच अक्षय कुमार डफ की तरफ से आज एक पत्रकार माता का आयोजन कर कहा गया कि कुछ लोगों द्वारा उनकी छवि को खराब करने का प्रयास किया गया है जिन पर वह जल्द मानहानि का दावा करेंगे। इस मौके पर उनके साथ पंचायत के पूर्व प्रतिनिधियों के साथ–साथ काफी संख्या में पंचायत के लोग भी उपस्थित रहे।

इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व सरपंच अक्षय कुमार डफ ने कहा कि पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई जिसमें कुछ लोगों द्वारा आरोप लगाया गया कि उन्होंने पैसे के लेनदेन में धोखाधड़ी की है जिसमें कोई सच्चाई नहीं है और वह किसी भी जांच के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सरपंच बनने के बाद उन्होंने लगातार अपनी पंचायत के साथ–साथ साथ लगती पंचायत में भी विकास कार्य करवाने में अपना भरपूर योगदान दिया और खासकर समाज के गरीब वर्ग के लिए अपना पूरा योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि उन पर लगे झूठे आरोपों के बाद पंचायत के लोगों में भी काफी गुस्सा है। उन्होंने कहा कि अगर आरोप लगाने वाले लोगों ने जल्द अपने बयान वापस नहीं लिए तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक सरपंच होने के नाते उन्होंने लगातार पंचायत के मुद्दों को हल करने का प्रयास किया है और अब उन पर ही झूठे आरोप लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

साप्ताहिक
सबका जम्मू कश्मीर

युवा वाणी 2.0 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, जेकेसीआईपी के तहत यूथ क्लबों को किया गया सशक्त

सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ, कृषि उत्पादन एवं किसान कल्याण विभाग, कठुआ द्वारा जेकेसीआईपी के अंतर्गत "युवा वाणी 2.0" प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य कृषि अधिकारी, कठुआ के कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य यूथ क्लबों के सदस्यों को जागरूकता अभियानों और सामुदायिक विकास के लिए तैयार करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य कृषि अधिकारी कठुआ जतिंदर खजूरिया ने युवाओं की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि यूथ क्लब गांव और समाज में बदलाव लाने का मजबूत माध्यम बन सकते हैं।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने पौधारोपण, जल स्रा. `तों के संरक्षण, पशुपालन, भेड़ पालन और स्वच्छता जैसे विषयों पर सरल तरीके से जानकारी दी। केवीके के वैज्ञानिकों ने आधुनिक कृषि तकनीकों पर भी प्रकाश डाला। नगर पालिका के प्रतिनिधि ने वैज्ञानिक कचरा निपटान और साफ–सफाई के महत्व पर जानकारी दी।

मुख्य अतिथि विधायक कठुआ डॉ. भारत भूषण ने युवाओं से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं और जेकेसीआईपी की जानकारी गांव–गांव तक पहुंचाएं और समाज सेवा में आगे आएं। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ आम लोगों तक समय पर पहुंचे।

कार्यक्रम में कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारी, विशेषज्ञ और पांच ब्लॉकों बरनोटी, कठुआ, बिलावर, लोहाई मल्हार और बनी से आए 20 यूथ क्लब प्रशिक्षुओं सहित 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का समापन युवाओं को आगे बढ़ाने, टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने और सामुदायिक भागीदारी मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।

रामकृष्ण मिशन मेडिकल सेंटर में फ्री मल्टी–स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप लगाया गया

सबका जम्मू कश्मीर

जम्मू : रामकृष्ण मिशन मेडिकल सेंटर, रामकृष्ण विहार, उधयवाला, जम्मू ने शनिवार को सुबह 9रू00 बजे से दोपहर 2रू00 बजे तक सफलतापूर्वक एक फ्री मल्टी–स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप का आयोजन किया।

इस कैंप में दिल की सेहत और मुंह की सेहत और साफ–सफाई पर ध्यान दिया गया, जिसमें स्थानीय समुदाय से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और निवारक और दयालु स्वास्थ्य सेवा के प्रति मिशन की प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई।

इस कैंप का नेतृत्व एस्कॉम्स अविघ्न हार्ट सेंटर के जाने–माने कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. नीरज गुप्ता ने किया, साथ ही जाने–माने डेंटिस्ट डॉ. राकेश रैना, एमडीएस (पीएचडी), ओरल इम्प्लांटोलॉजी में च्ळ भी मौजूद थे।

उन्हें इंदिरा गांधी गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज और हॉस्पिटल, अम्फल्ला के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की एक समर्पित टीम का सहयोग मिला, जिसकी देखरेख डॉ. मनीषा कौल, रजिस्ट्रार, पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग और डॉ. मयंक हाली ने की।

जनरल मेडिसिन, ऑर्थोपेडिक्स, डेंटिस्ट्री, गायनेकोलॉजी, ऑप्थल्मोलॉजी और फिजियोथेरेपी सहित कई क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा मुफ्त मेडिकल परामर्श प्रदान किया गया, जिससे एक ही छत के नीचे व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित हुईं।

इसके अलावा, मरीजों को म्ब्ळ, न्यूरोपैथी टेस्ट, यूरिक एसिड टेस्ट और ब्लड शुगर टेस्ट जैसे मुफ्त डायग्नोस्टिक टेस्ट की सुविधा दी गई, जिससे स्वास्थ्य समस्याओं का जल्दी पता लगाने और उनका इलाज करने में मदद मिली।

फास्टिंग वाले मरीजों के लिए सीबीसी, लिपिड प्रोफाइल, ब्लड शुगर, थायराइड फंक्शन टेस्ट, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट और विटामिन क असेसमेंट सहित एक फुल बॉडी चेक–अप पैकेज भी 2300 रुपये की मूल कीमत के मुकाबले 1200 रुपये की अत्यधिक रियायती दर पर उपलब्ध कराया गया।

इस कैंप में पल्लवी मिश्रा,आईएएस, एसडीएम मरह और रमन गुप्ता, डक पैंस एंड पॉट्स सहित विशिष्ट अतिथि मौजूद थे, जिन्होंने समुदाय को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में मिशन के प्रयासों की सराहना की।

कुल 320 मरीजों ने 12 अनुभवी डॉक्टरों की सेवाओं का लाभ उठाया, जो कैंप की व्यापक पहुंच और सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है।

इस अवसर पर बोलते हुए, स्वामी यज्ञधरानंद जी, सचिव, रामकृष्ण मिशन, जम्मू ने श्री रामकृष्ण देव, मां शारदा और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों के प्रति संगठन के समर्पण को दोहराया, और इस बात पर जोर दिया कि मानवता की सेवा ही ईश्वर की पूजा का एक रूप है।

यह हेल्थ कैंप रामकृष्ण मिशन मेडिकल सेंटर की कम्युनिटी वेलफेयर, प्रिवेंटिव हेल्थकेयर और निस्वार्थ सेवा के मकसद से चल रही पहलों का हिस्सा था। भविष्य के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी के लिए, लोग रामकृष्ण मिशन मेडिकल सेंटर से 9596984032 पर संपर्क कर सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 1996 के ड्रग्स ज़ब्ती मामले में संजीव भट्ट की सजा निलंबित करने की याचिका खारिज कर दी

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 1996 के ड्रग्स ज़ब्ती मामले में उन्हें मिली 20 साल की जेल की सजा को निलंबित करने की मांग की थी।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और विजय बिश्नोई की बेंच ने कहा कि वे इस मामले पर सुनवाई करने के इच्छुक नहीं हैं।

सुप्रीम कोर्ट भट्ट द्वारा इस मामले में सजा के निलंबन की मांग वाली अपील पर सुनवाई कर रहा था। गुजरात के बनासकांठा जिले के पालनपुर कस्बे की एक सत्र अदालत ने भट्ट को 1996 के इस मामले में 20 साल की सजा सुनाई थी। भट्ट को राजस्थान के एक वकील को झूठा फंसाने का दोषी पाया गया था।

पूंछ के बनवत व्यू पॉइंट पर ऊंचे तिरंगे के लिए एक गौरवशाली शुरूआत



सबका जम्मू कश्मीर

पूंछ : गर्व, एकता और राष्ट्रीय भावना को दर्शाने वाले एक बहुत ही भावुक और प्रतीकात्मक समारोह में, मेजर जनरल कौशिक मुखर्जी,ैड, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, ऐस ऑफ स्पेड्स डिवीजन ने पूंछ जिले के बांदीचेचियां गांव में बनवत व्यू पॉइंट पर 105 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज के लिए आधारशिला रखी। यह अवसर एक ऐतिहासिक परियोजना की शुरुआत का प्रतीक था जो इस सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों के साहस, लचीलेपन और आकांक्षाओं के स्थायी प्रतीक के रूप में खड़ा होगा।

पूंछ के सुंदर नज़ारों के बीच, प्रस्तावित विशाल तिरंगे को राष्ट्रीय गौरव की किरण और राष्ट्र की रक्षा में पीढ़ियों द्वारा किए गए बलिदानों को श्रद्धांजलि के रूप में देखा जा रहा है। आधारशिला रखने के समारोह ने एक महीने तक चलने वाली सामाजिक पहल की भी शुरुआत की, जिसका उद्देश्य सामूहिक भागीदारी, साझा जिम्मेदारी और उज्जवल भविष्य के लिए एक सामान्य दृष्टिकोण के माध्यम से सामुदायिक संबंधों को मजबूत करना है।

राष्ट्रीय ध्वज का भव्य उद्घाटन 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर निर्धारित है। पूरा होने पर, बनवत व्यू पॉइंट देशभक्ति प्रेरणा का केंद्र बनने की उम्मीद है, जो पर्यटन को बढ़ावा देने, स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने और क्षेत्र के लोगों में अपनेपन और राष्ट्रीय गौरव की एक नई भावना पैदा करने में योगदान देगा।

इस कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, समुदाय के प्रतिनिधियों, नागरिक गणमान्य व्यक्तियों और भारतीय सेना के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। माहौल कृतज्ञता और प्रशंसा की हार्दिक भावनाओं से भरा हुआ था। जो लोगों और भारतीय सेना के बीच मजबूत भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाता है।

इस अवसर पर, भारतीय सेना ने स्थानीय आबादी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने, एकता, विकास और सीमावर्ती क्षेत्रों में तिरंगे की स्थायी भावना को बढ़ावा देने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

साप्ताहिक राशिफल

मेष

मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह कभी खुशी कभी गम लिए रहने वाला है। इस सप्ताह आपको निजी जीवन से लेकर करियर–कारोबार तक में उतार–चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। हालांकि सप्ताह की शुरुआत सामान्य रहने वाली है। इस दौरान व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से खुद को मजबूत पाएंगे। कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। युवाओं का अधिकांश समय मौज–मस्ती करते हुए बीतेगा। घर–परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। सप्ताह के मध्य में आपको करियर–कारोबार में कुछ अप्रत्याशित बदलाव को झेलना पड़ सकता है।

इस दौरान नौकरीपेशा लोगों के सिर पर अचानक से अतिरिक्त जिम्मेदारी का बोझ आ सकता है। जिसे पूरा करने के लिए आपको अधिक समय और ऊर्जा खर्च करने की आवश्यकता रहेगी।

वृषभ

वृष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम फलदायी है। वृष राशि के जो जातक किसी कार्य विशेष के लिए बीते कुछ समय से लगातार प्रयासरत हैं, उन्हें इस सप्ताह भी उससे जुड़ी सफलता के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। सप्ताह के उत्तरार्ध के मुकाबले उनका पूर्वार्ध थोड़ा राहत भरा रहने वाला है।

ऐसे में इस राशि के जातकों को अपने करियर–कारोबार और जीवन से जुड़े अहम कार्यों को इसी दौरान करने का प्रयास करना चाहिए। सप्ताह के मध्य में किसी व्यक्ति विशेष से मेल–मुलाकात होगी। जिसकी मदद से अटके कार्यों में धीमी गति से ही लेकिन प्रगति होती नजर आएगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में न सिर्फ कार्यक्षेत्र से जुड़ी बल्कि घर–परिवार से संबंधित समस्याएं भी आपकी परेशानी का कारण बन सकती हैं। इस दौरान पैतृक संपत्ति अथवा किसी जमीन–जायदाद को लेकर विवाद हो सकता है। अचानक से जीवन में तमाम तरह की समस्याएं सामने आने से आपका मन थोड़ा विचलित रह सकता है। हालांकि सुखद पहलू यह है कि इस दौरान आपके संगी–साथी आपकी ढाल बनेंगे और आपके साथ साए की तरह बने रहेंगे।

मिथुन

मिथुन राशि के जातकों को इस सप्ताह सौभाग्य का पूरा साथ मिलेगा। यदि आप किसी कार्य विशेष के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे तो उम्मीद का दामन बिल्कुल न छोड़ें क्योंकि इस सप्ताह उसमें आ रही बाधाएं स्वतरू दूर होती हुई नजर आएंगी। सप्ताह के पूर्वार्ध का समय नौकरीपेशा लोगों के लिए अनुकूल रहने वाला है।

इस दौरान आपके शुभचिंतक आपको नेक सलाह देते हुए नजर आएंगे, जिस पर अमल करके आप अपनी चीजों को सुव्यवस्थित कर सकते हैं। सप्ताह के मध्य में किसी तीर्थ स्थान पर जाने का अचानक प्रोग्राम बन सकता है। इस पूरे सप्ताह घरेलू महिलाओं का मन धार्मिक–कार्यों में खूब रमेगा। किसी धार्मिक–आध्यात्मिक व्यक्ति की विशेष कृपा आप पर बरस सकती है। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हुए हैं तो आपके लिए सप्ताह के पूर्वार्ध के मुकाबले उत्तरार्ध ज्यादा शुभ रहने वाला है। इस दौरान आप आप समझदारी के साथ अपने पैसे का सही जगह निवेश करते हैं तो आपको उससे भविष्य में बड़ा लाभ मिल सकता है। उच्च शिक्षा के लिए प्रयासरत लोगों के लिए यह सप्ताह गुडलक लेकर आएगा।

कर्क

कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायक रहने वाला है। इस सप्ताह इस राशि के जातकों को किसी भी फैसले को लेते समय जल्दबाजी करने से बचना चाहिए। रिश्ते–नाते में मिठास बनी रहे और किसी प्रकार की गलतफहमी न पैदा हो इसके लिए स्वजनों के साथ संवाद बनाए रखें।

सप्ताह की शुरुआत में आपको करियर–कारोबार के सिलसिले में बड़े फैसले लेने पड़ सकते हैं। ऐसा करते समय अपने शुभचिंतकों की सलाह अवश्य लें। यदि आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो अपने कार्यक्षेत्र में सीनियर और जूनियर को मिलाकर चलें। यदि कार्यक्षेत्र पर हालात आपके अनुकूल नहीं हैं तो आप उससे बजाय भागने के उसे बेहतर बनाने का प्रयास करें। भूलकर भी आवेश में आकर नौकरी में बदलाव जैसा फैसला लेने से बचें। सप्ताह के मध्य में घरेलू समस्याओं के चलते आपका मन थोड़ा खिन्न रहेगा। इस दौरान आपको आपके विरोधी आप पर हावी होने तथा आपके बनते काम बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं।

सिंह

सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह इस राशि के जातकों को अपनी ऊर्जा, धन और समय का प्रबंधन करके चलना उचित रहेगा। सप्ताह की शुरुआत में आपके सिर पर अचानक से कुछ बड़े खर्च आ सकते हैं। इस दौरान कार्य विशेष के लिए लंबी दूरी की यात्रा पर भी अचानक निकलना पड़ सकता है। यात्रा सुखद और नये संपर्कों को बढ़ाने वाली साबित होगी। व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए सप्ताह के उत्तरार्ध के मुकाबले पूर्वार्ध का समय ज्यादा अनुकूल रहने वाला है। ऐसे में आपको अपने कारोबार से जुड़े बड़े फैसले इसी दौरान करने चाहिए। सप्ताह के मध्य में आप कुछ चीजों को लेकर खुद को असमंजस की स्थिति में पा सकते हैं। ऐसे में इस दौरान कोई बड़ा फैसला लेते समय अपने शुभचिंतकों की सलाह अवश्य लें। नौकरीपेशा जातकों इस सप्ताह अपने कार्य दूसरों के भरोसे छोड़ने की बजाय स्वयं बेहतर तरीके से पूरे करने का प्रयास करना चाहिए अन्यथा पूर्व में की गई न सिर्फ आपकी मेहनत बेकार जा सकती है, बल्कि वरिष्ठ अधिकारियों की डांट भी सुननी पड़ सकती है।

कन्या

कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिलाजुला रहने वाला है। यदि आप चाहते हैं कि आपको जीवन में मनचाही सफलता और खुशियां मिले तो आपको अपने कार्य और व्यवहार में आमूलचूल बदलाव लाना होगा और अपने शुभचिंतकों को नाराज करने से बचना होगा। इस सप्ताह आपकी किसी बात या व्यवहार से आपके अपने नाराज हो सकते हैं। वाद–विवाद बढ़ने पर वर्षों से बने रिश्ते में दरार आ सकती है। करियर–कारोबार से लेकर घर–परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहे इसके लिए दूसरों से अपेक्षा करने करने की बजाय आपको खुद ही आगे बढ़कर प्रयास करना होगा।

यदि आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो अपने कार्यक्षेत्र में कनिष्ठ लोगों के साथ रुखा व्यवहार न करें और अपने वरिष्ठ लोगों के साथ अच्छा तालमेल बनाए रखें। यदि आप व्यवसायी हैं तो शार्टकट तरीके से लाभ कमाने से बचें और कागजी काम पूरे करके रखें। यदि आप पार्टनरशिप में व्यवसाय करते हैं तो धन का लेनदेन सावधानी के साथ करें।

तुला

तुला राशि के जातकों के लिए करियर और कारोबार की दृष्टि से यह सप्ताह उत्तम और रिश्ते–नाते की दृष्टि से मध्यम फलदायी रहने वाला है।

सप्ताह की शुरुआत में आपको करियर–कारोबार से जुड़ा कोई बहुप्रतीक्षित शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। इस सप्ताह तुला राशि का नौकरीपेशा जातक हो या फिर व्यवसाय से जुड़ा कारोबारी, वह अपना शत प्रतिशत अपने कार्य में देता हुआ नजर आएगा।

खास बात कि उसके प्रयासों को सौभाग्य का भी पूरा साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी और सीनियर आपके कामकाज की खुले मन से प्रशंसा करते हुए नजर आएंगे। सप्ताह के अंत तक आपको बड़ा पद अथवा अहम जिम्मेदारी मिल सकती है। यदि आप लंबे समय से किसी नये कारोबार की शुरुआत करने अथवा किसी बड़ी डील को फाइनल करने के लिए प्रयासरत थे तो आपकी यह मनोकामना इस सप्ताह पूरी हो सकती है। यदि आप लंबे समय से रोजी–रोजगार के लिए प्रयासरत थे तो सप्ताह के उत्तरार्ध में आपकी यह मनोकामना पूरी हो सकती है।

वृश्चिक

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए है। इस सप्ताह आपको जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में शुभता–सफलता की प्राप्ति होगी। इस सप्ताह आपके सोचे हुए कार्य समय पर पूरे होंगे। करियर–कारोबार में मनचाही प्रगति होती नजर आएगी। कार्यक्षेत्र में आपको सीनियर और जूनियर दोनों का सहयोग और समर्थन मिलेगा। व्यवसाय में अच्छा मुनाफा कमाएंगे। यदि आपके कारोबार में बीते समय से कोई अड़चन आ रही थी इस सप्ताह वह किसी व्यक्ति विशेष की मदद से दूर हो जाएगी। मार्केट में आपकी साख बढ़ेगी। यदि आप साझेदारी में व्यवसाय करते हैं तो आप उसके विस्तार की योजना पर काम करेंगे। आपकी योजना को साकार रूप देने के लिए आपके शुभचिंतक और परिजन पूरी मदद करेंगे। इस संबंध में घर–परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य की सलाह लाभदायी साबित होगी। यह सप्ताह पठन–पाठन एवं शोध से जुड़े कार्यों को करने वालों के लिए अत्यधिक शुभ साबित होगा।

धनु

धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह जीवन के नये अवसरों को लेकर आने वाला है, लेकिन उसका लाभ उठाने के लिए आपको आलस्य और आशंका को त्याग कर कठिन परिश्रम और प्रयास करना होगा। इस सप्ताह यदि आप अपने धन, समय और उर्जा का सही दिशा में उपयोग करते हैं तो आपको आशा से अधिक सफलता और लाभ मिल सकता हैं। वहीं इसकी अनदेखी करने पर बनते काम बिगड़ जाने से मन में निराशा के भाव जाग सकते हैं। धनु राशि के जातकों को इस सप्ताह खुले हाथ धन खर्च करने से बचना चाहिए अन्यथा सप्ताह के अंत तक उन्हें उधार मांगने की नौबत आ सकती है। व्यवसाय की दृष्टि से यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित फलदायी साबित होने वाला है। इस सप्ताह आपको कारोबार में लाभ तो होगा लेकिन साथ ही साथ खर्च की अधिकता भी बनी रहेगी। धनु राशि के जातकों को इस सप्ताह मौसमी बीमारी को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता रहेगी। अपनी दिनचर्या और खानपान सही रखें अन्यथा पेट संबंधी दिक्कतें हो सकती है। परीक्षा–प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्रों को सप्ताह के मध्य में किसी सुखद समाचार की प्राप्ति संभव है।

मकर

मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह उतार–चढ़ाव लिए रहने वाला है। इस सप्ताह आप अपने करियर–कारोबार में आ रही अड़चनों को लेकर चिंतित रह सकते हैं। कार्यक्षेत्र और कारोबार के अलावा निजी जीवन से जुड़ी समस्याएं भी आपकी बड़ी चिंता का कारण बनेंगी। हालांकि जीवन के कठिन समय में आपके शुभचिंतक एवं परिजन काफी मददगार साबित होंगे और काफी हद तक आप इन समस्याओं का समाधान खोजने में भी कामयाब होंगे। सप्ताह के मध्य में किसी भी कार्य को करते समय विशेष सावधानी बरतें। इस दौरान जल्दबाजी या असमंजस की स्थिति में लिया गया निर्णय आपके लिए हानिकारक साबित हो सकता है। इस दौरान स्वजनों के साथ बात–व्यवहार करते समय विनम्रता से पेश आएं अन्यथा लंबे समय से बने हुए रिश्तों में दरार आ सकती है। इस सप्ताह खर्च की अधिकता के चलते आपका बजट थोड़ा गड़बड़ा सकता है। सप्ताह के उत्तरार्ध में करियर–कारोबार के सिलसिले में लंबी दूरी की यात्रा पर निकलना पड़ सकता है।

कुंभ

जीवन में आने वाली छोटी–मोटी दिक्कतों को यदि नजरअंदाज कर दें तो कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभ साबित होगा। इस सप्ताह आपको आपकी मेहनत का पूरा फल प्राप्त होगा। करियर और कारोबार की दिशा में किए गये प्रयास सफल होंगे और आपके पद एवं प्रतिष्ठा में बढ़ोत्तरी होगी।

राजनीति से जुड़े लोगों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह आपकी झोली में कोई बड़ा पद गिर सकता है। सत्तापक्ष से जुड़े लोगों के साथ आपका मेल–मिलाप बढ़ेगा। आपके मान–सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। आप अपनी सूझबूझ से अपने विरोधियों पर काबू पाने में कामयाब होंगे। कुंभ राशि के जो जातक तकनीक के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनके लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ साबित होगा। इसी प्रकार इलेक्ट्रानिक का कारोबार करने वालों को बड़े लाभ की प्राप्ति होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में किसी वरिष्ठ एवं अनुभवी व्यक्ति से कार्य विशेष के लिए मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

मीन

मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिलाजुला रहने वाला है। सप्ताह के पूर्वार्ध का समय जहां अनुकूल तो वहीं उत्तरार्ध थोड़ा प्रतिकूल रहने वाला है। ऐसे में मीन राशि के जातकों को जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों सप्ताह की शुरुआत में ही निबटाने का प्रयास करना चाहिए। यदि आप बेरोजगार हैं तो आपको इसी दौरान पूरे मनोयोग से रोजी–रोजगार के लिए प्रयास करना चाहिए। इस दौरान किसी व्यक्ति विशेष की मदद से भूमि–भवन से जुड़े विवाद का समाधान निकल सकता है। मीन राशि के जातकों को इस सप्ताह इस बात का पूरा ख्याल रखना होगा कि उनकी बात से ही बात बनेगी और बात से ही बात बिगड़ भी सकती है।

ऐसे में अपना काम निकलवाने के लिए लोगों की प्रशंसा करने में जरा भी कंजूसी न करें और सभी के साथ अच्छा तालमेल बनाए रखें। सप्ताह के पूर्वार्ध में आपके घर में कोई धार्मिक अथवा मांगलिक कार्यक्रम संपन्न हो सकता है। इस दौरान घरेलू महिलाओं का अधिकांश समय पूजा–पाठ में बीतेगा।

साप्ताहिक सबका जम्मू कश्मीर

आतंकी फंडिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट 7 जनवरी को अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा

सबका जम्मू कश्मीर

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह आतंकी फंडिंग मामले में कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की जमानत याचिका पर 7 जनवरी को सुनवाई करेगा।

जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के वकील द्वारा सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की पैरवी के आधार पर सुनवाई स्थगित करने के अनुरोध के बाद यह आदेश पारित किया।

बेंच ने मामले की सुनवाई 7 जनवरी को तय करते हुए स्पष्ट किया कि एनआईए को और स्थगन नहीं दिया जाएगा।

शाह ने इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के 12 जून के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था।

गुरुवार को सुनवाई के दौरान, एनआईए के वकील ने कहा, "सॉलिसिटर जनरल हमारी ओर से सुनवाई कर रहे हैं। उनकी सुनवाई कोर्ट नंबर 7 में आंशिक रूप से चल रही है। कृपया इसे जनवरी में सुनवाई के लिए रखें।"

एजेंसी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल इस मामले पर पैरवी करेंगे।

शाह की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस ने कहा कि मामला अगले सप्ताह सूचीबद्ध किया जा सकता है।

"जनवरी ही क्यों? वह जमानत मांग रहे हैं। मामला सितंबर से लंबित है। नोटिस 4 सितंबर को जारी किया गया था। तीन महीने बीत चुके हैं," बेंच ने एनआईए के वकील से पूछा।

वकील ने कहा कि मेहता एनआईए की ओर से बहस करेंगे। बेंच ने फिर मामले की सुनवाई के चरण के बारे में पूछा।

लूथरा ने कहा कि गवाहों की जांच चल रही है और अब तक लगभग 30 गवाहों की जांच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 95 गवाहों को हटा दिया गया है और एनआईए इनकी संख्या और कम कर सकती है। गोंसाल्वेस ने कहा कि अब 248 गवाह हैं जिनमें से केवल 30 की जांच हुई है। "प्रतिवादी (एनआईए) को एक आखिरी मौका दिया जाता है। हम 7 जनवरी को सुनवाई करेंगे। हम कहेंगे कि आगे कोई समय नहीं दिया जाएगा," बेंच ने कहा।

जब गोंसाल्वेस ने मामले की सुनवाई अगले सप्ताह के लिए रखने का अनुरोध किया, तो बेंच ने कहा, "हम कल भी सुन सकते हैं। हम आज भी सुन सकते हैं। हमें कोई दिक्कत नहीं है, दिक्कत दूसरी तरफ है।"

4 सितंबर को, सुप्रीम कोर्ट ने शाह को अंत. रिम जमानत देने से इनकार कर दिया और एनआईए को नोटिस जारी कर उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर जवाब मांगा।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाह को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि उनके द्वारा इसी तरह की गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने और गवाहों को प्रभावित करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

शाह को एनआईए ने 4 जून, 2019 को गिरफ्तार किया था।

2017 में, एनआईए ने केंद्र सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने, पत्थरबाजी करने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और अशांति फैलाने के लिए धन जुटाने के आरोप में 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

शाह पर जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी आंदोलन को बढ़ावा देने में ष्महत्वपूर्ण भूमिकाष् निभाने का आरोप था। उन पर आम जनता को जम्मू-कश्मीर के अलगाव के समर्थन में नारे लगाने के लिए उकसाने, मारे गए आतंकवादियों या उग्रवादियों के परिवारों को ष्शहीदष् बताकर श्रद्धांजलि देने, हवाला लेनदेन के माध्यम से धन प्राप्त करने और नियंत्रण रेखा पार व्यापार के माध्यम से धन जुटाने का आरोप था, जिसका कथित तौर पर जम्मू-कश्मीर में विध्वंसक और उग्रवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल किया गया था।

उच्च न्यायालय ने 7 जुलाई, 2023 को शाह को जमानत देने से इनकार करने वाले निचली अदालत के आदेश के खिलाफ उनकी अपील खारिज कर दी थी।

आरोपों की गंभीरता को देखते हुए, अदालत ने उनकी ष्नजरबंदीष् की वैकल्पिक याचिका को भी खारिज कर दिया था। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि वह गैरकानूनी संगठन जम्मू और कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी के अध्यक्ष थे।

उच्च न्यायालय ने शाह के खिलाफ लंबित 24 मामलों का विवरण देने वाली तालिका की जांच की, जिसमें जम्मू-कश्मीर को भारत संघ से अलग करने की साजिश रचने से संबंधित कई समान प्रकृति के आपराधिक मामलों में उनकी संलिप्तता का संकेत मिलता है।

तत्काल ऑनलाइन बुकिंग के लिए 322 ट्रेनों में आधार ओटीपी सत्यापन शुरू, 3 करोड़ फर्जी यूजर आईडी का भंडाफोड़

सबका जम्मू कश्मीर

नई दिल्ली : दुरुपयोग को रोकने और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए, ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी सत्यापन अब 322 ट्रेनों में चालू हो गया है। इसके परिणामस्वरूप, इन ट्रेनों में तत्काल टिकट की उपलब्धता का समय लगभग 65 प्रतिशत बढ़ गया है। यह जानकारी गुरुवार को संसद को दी गई।

आरक्षण काउंटरों पर तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी को भी चरणबद्ध तरीके से शुरू किया गया है और अब तक 211 ट्रेनों में (4 दिसंबर तक) इसे लागू किया जा चुका है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि इसके परिणामस्वरूप, 96 लोकप्रिय ट्रेनों में से लगभग 95 प्रतिशत ट्रेनों में तत्काल टिकट की उपलब्धता का समय बढ़ गया है।

मंत्री ने यह भी बताया कि उपयोगकर्ता खातों का कड़ाई से पुनर्सत्यापन और सत्यापन किया गया है। उन्होंने कहा, ष्जनवरी 2025 से लगभग 3.02 करोड़ संदिग्ध उपयोगकर्ता आईडी निष्क्रिय कर दी गई हैं। अवैध उपयोगकर्ताओं को फ़िल्टर करने और वैध यात्रियों के लिए सुचारू बुकिंग सुनिश्चित करने के लिए ।ज्ञ।ड।प् जैसे एंटी-बॉट समाधानों का उपयोग किया जा रहा है।ष्

मंत्री जी ने आगे बताया कि संदिग्ध रूप से बुक किए गए पीएनआर (पीआरएन) के लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायतें भी दर्ज की गई हैं। वैष्णव ने नेटवर्क फायरवॉल, घुसपैठ रोकथाम प्रणाली, एप्लिकेशन डिलीवरी कंट्रोलर और वेब एप्लिकेशन फायरवॉल जैसी कई सुरक्षा परतों के उपयोग के बारे में जानकारी दी, जो सिस्टम को साइबर खतरों से सुरक्षित रखती हैं।

Helpline

पुलिस स्टेशन	
बाग-ए-बहू	2459777
बख्शी नगर	2580102
बस स्टैंड	2575151
शहर	2543688
गांधी नगर	2430528
गंग्याल	2482019
नौबाद	2571332
पक्का डांगा	2548610
रेलवे स्टेशन	2472870
सैनिक कॉलोनी	2462212
सतवारी	2430364
चन्नी हिम्मत	2465164
ट्रांसपोर्ट नगर	2475444
त्रिकुटा नगर	2475133
गांधी नगर	2459660
एसएसपी शहर	2561578
एसपी शहर उत्तर	2547038
एसपी दक्षिण	2433778
सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएँ	
इंडियन एयर लाइन्स	
शहर कार्यालय	2542735
एयर पोर्ट	2430449
जेट एयर वेज़	2453999
सिटी ऑफिस	2573399
रेलवे	
रेलवे पूछताछ	131, 132, 2476407
बुकिंग	2470318
आरक्षण	2470315
पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग स्टेशन	
बख्शी नगर	2543557
गांधी नगर	2430786
कंपनी बाग	2542582
नया प्लॉट	2573429
पंजतीर्थी	2547537
दूरसंचार विभाग	
डायरेक्टरी पूछताछ	197
फॉल्ट रिपेयर	198
ट्रंक बुकिंग	180
बिलिंग शिकायत	2543896
जम्मू नगर पालिका	
जं. लाइन्स	2578503
प्रशासन अधिकारी	2542192
स्वास्थ्य अधिकारी	2547440
डाक सेवाएँ	
मुख्य डाकघर शहर	2543606
गाँधी नगर	2435863
अग्निशामन सेवाएँ	
नियंत्रण कक्ष	101,132, 2476407
शहर	2544263
गाँधी नगर	2457705
नहर	2554064
गंग्याल	2480026
रसोई गैस डीलर	
चिनाब गैस	2547633
गुलमौर गैस	2430835
जैकफेड	2548297
एचपी गैस	2578456
शिवांगी गैस	2577020
तवी गैस	2548455
पावर हाउस	
गाँधी नगर	2430180
नहर रोड	2554147
जानीपुर	2533828
नानक नगर	2430776
परेड	2542289
सतवारी कैंट	2452813
अस्पताल	
जीएमसी अस्पताल	2584290
एस.एम.जी.एस. अस्पताल	2547635
सी.डी. अस्पताल	2577064
डेंटल अस्पताल	2544670
गांधी नगर अस्पताल	2430041
सरवाल अस्पताल	2579402
जी.बी. पंत कैंट अस्पताल	2433500
आयुर्वेदिक कॉलेज	2543661
सी.आर.पी. अस्पताल	2591105
आचार्य श्री चंदर	2662536
मानसिक अस्पताल	2577444
स्वामी विवेकानंद	2547418
ब्लड बैंक	2547637
एम्बुलेंस	2584225, 2575364
एम्बुलेंस (रेड क्रॉस)	2543739
नर्सिंग होम	
मदन अस्पताल	2456727
मेडिकेयर	2435070
त्रिवेणी नर्सिंग होम	2452664
सुविधा नर्सिंग होम	2555965
अल. फिरदौस नर्सिंग होम	2545050
आस्था नर्सिंग होम	2576707
बी एन चैरिटेबल ट्रस्ट	2505310
चोपड़ा नर्सिंग होम	2573580
हरबंस सिंह मेम हॉस्पिटल	2541952
जीवन ज्योति	2576985
युद्धवीर नर्सिंग होम	2547821
मीडियाएड नर्सिंग होम	2466744
सीता नर्सिंग होम	2435007
विभूति नर्सिंग होम	2547969
रामेश्वर नर्सिंग होम	2580601
बी एन चेरिटेबल	2555631
महर्षि दयानंद	2545225

हिजाब विवाद पर आप जम्मू-कश्मीर का कड़ा रुख, बिहार के सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ एफआईआर की मांग

सबका जम्मू कश्मीर

जम्मू, शुक्रवार को आम आदमी पार्टी, जम्मू–कश्मीर ने पुलिस पोस्ट बठिंडी में औपचारिक आवेदन सौंपकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। यह मांग मीडिया में सामने आई उस कथित घटना को लेकर की गई है, जिसमें सार्वजनिक रूप से एक मुस्लिम महिला का हिजाब खींचने या हटाने का प्रयास बताया गया है।

आप जम्मू–कश्मीर ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे महिलाओं की गरिमा पर हमला और संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारोंकृधर्म की स्वतंत्रता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और सम्मानपूर्वक जीवनकृका उल्लंघन बताया। पार्टी ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बिना शर्त सार्वजनिक माफी की अपील की।

मीडिया से बातचीत में आप जम्मू–कश्मीर के समन्वयक यासिर मट्टू ने कहा कि हिजाब पहनना मुस्लिम महिलाओं का संवैधानिक अधिक. ार है और किसी भी महिला की पसंद में हस्तक्षेप अस्वीकार्य है।

पार्टी ने उत्तर प्रदेश के मंत्री गिरिराज सिंह के बयान की भी कड़ी आलोचना करते हुए उसे विभाजनकारी और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ बताया।

आप प्रवक्ता मुद्दसिर हसन ने कहा कि नफरत फैलाने वाले बयान लोकतांत्रिक भारत में स्वीकार्य नहीं हैं और "भारत देश में सब की कुर्बानियां बराबर हैं।"

आर्य समाज कठुआ में गीता ज्ञान सप्ताह का तृतीय दिवस, कर्म योग के संदेश से जनमानस हुआ प्रेरित

सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ, स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान दिवस की स्मृति में आर्य समाज कठुआ द्वारा आयोजित गीता ज्ञान सप्ताह के तृतीय दिवस पर श्रद्धा,कश्मी भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में गीता के तृतीय अध्याय कर्म योग पर विस्तृत और प्रेरणादायी प्रवचन प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत गीता के द्वितीय अध्याय के संक्षिप्त सार से हुई, जिसके पश्चात कर्म योग अध्याय पर मुख्य वक्ता पूजनीय सुश्री गायत्री देवी जी ने विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कर्म योग ही जीवन का मूल आधार है और बिना फल की आसक्ति के किया गया कर्म ही सच्चा धर्म है। उन्होंने बताया कि समाज का संचालन कर्म से ही संभव है और निस्वार्थ भाव से किए गए कार्य आत्मा को शुद्ध करते हैं। उनके विचारों ने उपस्थित श्रोताओं को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित किया तथा जीवन में सकारात्मक दिशा प्रदान की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरदार रणजीत सिंह एवं दलीप मेहता ने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और राष्ट्रीय सशक्तिकरण का मार्गदर्शक है। उन्होंने युवाओं से कर्म योग को अपनाकर समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

संरक्षक भारत भूषण ने कहा कि गीता का प्रत्येक अध्याय जीवन की कठिन परिस्थितियों में मार्गदर्शन करता है और समाज को एक सूत्र में बांधता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आर्य समाज कठुआ के अध्यक्ष बिशन भारती ने मुख्य वक्ता, अतिथियों और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गीता ज्ञान सप्ताह अब एक प्रेरणादायी सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी और युवा उपस्थित रहे। गीता ज्ञान सप्ताह प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक जारी रहेगा, जिसमें विद्वानों द्वारा गीता के विभिन्न अध्यायों पर प्रवचन दिए जाएंगे।

श्राइन बोर्ड ने वैष्णो देवी भवन में भक्तों के लिए 'साधना कक्ष' समर्पित किया

सबका जम्मू कश्मीर

कटरा : भक्तों के बीच आध्यात्मिक माहौल को और बेहतर बनाने और गहरी भक्ति भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (ँडटक्टै) ने शुक्रवार को भवन क्षेत्र में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एक 'साधना कक्ष' (ध्यान कक्ष) स्थापित किया और भक्तों को समर्पित किया। श्री मनोज सिन्हा, माननीय अध्यक्ष, ँडटक्टै (उपराज्यपाल, जम्मू–कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश) के निर्देशों के अनुसार स्थापित 'साधना कक्ष' को श्री सचिन कुमार वैश्य, मुख्य कार्यकारी अधिक. ारी, ँडटक्टै की देखरेख में भक्तों को समर्पित किया गया।

भवन में राम मंदिर के निचले बेसमेंट में निकास गुफा मार्ग के पास स्थित, 'साधना कक्ष' को सादगी और भक्तिमय पवित्रता पर जोर देते हुए विकसित किया गया है। लगभग 1,500 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैली इस सुविधा में एक बार में लगभग 160–170 भक्त बैठ सकते हैं।

कक्ष के अंदर शांति और पवित्रता बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान रखा गया है, जिससे शांत और आध्यात्मिक ध्यान का माहौल सुनिश्चित हो सके।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि माँ वैष्णो देवी जी के गर्भगृह के पास एक समर्पित 'साधना कक्ष' की स्थापना भवन में आध्यात्मिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए श्राइन बोर्ड के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

संत बाबा नंद साध जी के निर्वाण दिवस पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

सबका जम्मू कश्मीर

आरएस पुरा। आरएस पुरा क्षेत्र के गांव कुतुम निजाम में रविवार को संत बाबा नंद साध जी के निर्वाण दिवस के मौके पर एक विशाल धार्मिक समागम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और संत बाबा नंद साहिब जी के जीवन के बारे में जानकारी हासिल की।

इस मौके पर पंडित दर्शन लाल, पंडित ओम प्रकाश पंडित जतिन आदि ने संत बाबा नंद प्रसाद तथा अन्य संत महात्माओं की जीवनी पर प्रकाश डाला और संत बाबा नंद साहब को एक महान संत करार देते हुए कहा कि उन्होंने अपना सारा जीवन दूसरों की सेवा में समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा ऐसे संतो के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज तथा देश की बेहतरी के लिए काम करना चाहिए।

इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले महिला मंडली की तरफ से भजन कीर्तन भी किया गया। इस मौके पर गांव के अन्य लोग भी मौजूद रहे।

लेफ्टिनेंट कर्नल बनकर घर लौटे किरपिंड निवासी कुलविंदर सिंह का हुआ जोरदार स्वागत

सबका जम्मू कश्मीर

आरएस पुरा। भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बनने के बाद आज अपने गांव किरपिंड पहुंचे स कुलविंदर सिंह पुत्र बलबीर सिंह, कुलवंत कौर का गांव के लोगों द्वारा जोरदार तरीके के साथ स्वागत किया गया और स्थानीय गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से गांव के नौजवान के लेफ्टिनेंट कर्नल बनने पर सम्मानित भी किया गया। इससे पहले लेफ्टिनेंट कर्नल बनने पर गांव पहुंचे कुलविंदर सिंह का गांव के लोगों द्वारा एक भव्य रैली निकालकर स्वागत किया गया और उसके उपरांत उन्हें सम्मानित किया गया।

इस मौके पर कुलविंदर सिंह के परिजन भी मौजूद रहे जिन्होंने बेटे के लेफ्टिनेंट कर्नल बनने पर खुशी जाहिर की। इस मौके पर कुलविंदर सिंह ने बताया कि वह 2012 में भारतीय सेना में एक जवान के रूप में भर्ती हुए थे और उसके उपरांत उन्होंने दो बार लेफ्टिनेंट कर्नल बनने के लिए परीक्षाएं दी लेकिन वह सफल नहीं हो सके लेकिन अब तीसरी बार परीक्षा में सफल हुए हैं और अब उन्हें भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बनाया गया है और आयोजित कमिशिनंग परेड में उन्हें रैंक प्रदान किया गया है।

इस मौके पर गांव के लोगों ने कहा कि कुलविंदर सिंह ने गांव के साथ–साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है और पूरे गांव को उन पर गर्व है। उन्होंने कहा कि कुलविंदर सिंह क्षेत्र के नौजवानों के लिए एक प्रेरणा है।

इस मौके पर कुलविंदर की माता कुलवंत कौर ने कहा कि बेटे ने पूरे परिवार के साथ–साथ पूरे क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। मां ने कहा कि बेटे की मेहनत और लगन ने आज रंग दिखाया है।

उन्होंने कहा कि मेहनत करने से इंसान बड़ी से बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकता है।

इस मौके पर स्थानीय गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने भी अपने विचार रखे और कहा कि आज गांव के लिए गौरव का पल है।

साप्ताहिक
सबका जम्मू कश्मीर

चौनपुरा जखोले और मालमम्मन में विधायक राजीव जसरोटिया का जनसंवाद, जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन

सबका जम्मू कश्मीर

जसरोटारू क्षेत्र में जनसंपर्क और जमीनी स्तर पर समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए जसरोता के विधायक राजीव जसरोटिया ने शुक्रवार को चौनपुरा जखोले और मालमम्मन में जनसभाएं आयोजित कर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। इन जनसभाओं का उद्देश्य जनता को अपनी बात सीधे जनप्रतिनिधि तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करना था, जिससे पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था को मजबूती मिल सके।

जनसंवाद के दौरान विधायक जसरोटिया ने सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर लोगों की शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनीं। ग्रामीणों ने सड़कों की खराब स्थिति, अनियमित जल आपूर्ति और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए। विधायक ने भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों के समन्वय से हल किया जाएगा।

इस अवसर पर मंडल प्रधान जसरोटा, सरपंच बलवंत सिंह, सरपंच शिव देव सिंह, कैप्टन ओमकार सिंह, पंच विनोद कुमार, सरपंच सुदर्शन खजूरिया, छागर सिंह, भविषन शर्मा, रणदीप सिंह पप्पी, एडवोकेट जसबीर, कैप्टन बलकार सिंह, सुनीत सिंह और जितेंद्र सिंह सहित अनेक स्थानीय नेता व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

विधायक जसरोटिया ने महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से भी संवाद कर उनकी विशेष आवश्यकताओं पर चर्चा की। उन्होंने युवाओं के लिए

कौशल विकास, शिक्षा में सुधार, महिलाओं की सुरक्षा और बुजुर्गों के कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि सरकार का लक्ष्य समावेशी विकास के जरिए समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाना है।

जनसभाओं के समापन पर विधायक ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही विकास कार्यों को गति मिलती है।

उन्होंने स्थानीय लोगों से प्रशासन के साथ मिलकर क्षेत्र के समग्र विकास में सहयोग करने का आह्वान किया और भरोसा दिलाया कि जसरोता क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

21 से 23 दिसंबर तक पल्स पोलियो अभियान, उपायुक्त कठुआ ने की अभिभावकों से भागीदारी की अपील

सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ, उपायुक्त कठुआ राजेश शर्मा, जेकेएएस ने जिले के नागरिकों से 21 से 23 दिसंबर तक आयोजित होने वाले पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। यह अभियान पांच वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पोलियो से सुरक्षित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

उपायुक्त ने बताया कि 21 दिसंबर को जिले के सभी जिला व उप-जिला अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी।

वहीं, जो बच्चे किसी कारणवश टीकाकरण से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 22 और 23 दिसंबर को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को अवश्य पोलियो की दवा पिलवाएं और कठुआ जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने में सहयोग करें।

छवा चक हीरानगर में उज दरिया पर क्रेट डलवाने के कार्य का विधायक विजय शर्मा ने किया उद्घाटन

सबका जम्मू कश्मीर

सबका जम्मू कश्मीर
मढ़ीन। तहसील मढ़ीन के साथ लगते छवा चक में हीरानगर के विधायक विजय शर्मा ने आज उज दरिया में क्रेट डलवाने के कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। इस परियोजना पर कुल 57 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उद्घाटन के दौरान विधायक विजय शर्मा ने कहा कि उज दरिया से जुड़े बड़े कार्य के लिए 16 करोड़ 40 लाख रुपये की राशि भी जल्द ही मंजूर हो जाएगी।

विधायक ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और हल्के में जितने भी छोटे-बड़े लंबित कार्य हैं, उन्हें भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का "विकसित भारत" का सपना दिन-प्रतिदिन साकार होता दिखाई दे रहा है और केंद्र व प्रदेश सरकार मिलकर विकास को नई दिशा दे रही है।

इस अवसर पर विधायक विजय शर्मा के साथ मंडल प्रधान प्रदीप सिंह, पूर्व सरपंच बंटू सिंह, बी.के. शर्मा, पूर्व सरपंच सलाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

कुलगाम पुलिस ने नशीले पदार्थों के नेटवर्क पर शिकंजा कसा; दो नशीले पदार्थों के तस्कर गिरफ्तार, चरस बरामद

सबका जम्मू कश्मीर

कुलगाम : चल रहे ष्नशा मुक्त कुलगामष् अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई में, कुलगाम पुलिस ने फुर्रा बाईपास पर एक चेकपॉइंट पर दो कथित नशीले पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से चरस जैसे प्रतिबंधित पदार्थ की भारी मात्रा बरामद की।

एक बयान में, इस संबंध में, मीरबाजार पुलिस चौकी के नेतृत्व में पुलिस दल ने फुर्रा बाईपास पर एक चेकपॉइंट (नाका) स्थापित किया। जाँच के दौरान, संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे दो व्यक्तियों ने पुलिस दल को देखकर मौके से भागने की कोशिश की। हालाँकि, उनका पीछा किया गया और चतुराई से उन्हें पकड़ लिया गया।

जाँच के बाद, उपस्थित अधिकारियों ने उनके कब्जे से 115 ग्राम चरस जैसे प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए। उनकी पहचान जावेद गुलजार गनी और शाहिद मुश्ताक भट के रूप में हुई है, दोनों फुर्रा के निवासी हैं

इस घटना के संबंध में, काज़ीगुंड पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/20 और 29 के तहत मामला संख्या 252/2025 दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

NOTICE

I, Pawan Kumar, S/o Sh. Chhaju Ram, resident of Ward No. 2, Pandori Pandori, Tehsil Nagri Parole, District Kathua, Union Territory of Jammu & Kashmir – 184151, hereby inform the general public and the concerned authorities that I am applying for permission to open a Fertilizer & Seeds Sale Centre at my shop located at Pamwal, Tehsil Nagri Parole, District Kathua. If any person has any objection regarding the establishment of the said Fertilizer & Seeds Sale Centre, the same may be submitted in writing to the concerned authorities within 07 (seven) days from the date of publication of this notice.

BEFORE THE LEARNED EXECUTIVE MAGISTRATE 1ST CLASS TEHSILDAR NAGRI PAROLE

Jura S/o Ali Hussain R/o Mirpur Ram Ward no: 02 Tehsil Nagri.

(Applicant)

v/s

Block Development Office, Nagri parole

(Respondent)

In the matter of: Application for directing Block Development Office Nagri Parole to enter the Date of Birth of the Child in the Birth register.
Name of the Child: Rafqat Ali, S/o Jura
Date of Birth: 18.09.2018
Place of Birth: At HOME.
R/Sir,
The applicant most humbly submits as under:-
That the applicant is permanent resident of Village Mirpur Ram Tehsil Nagri Parole District Kathua J&K UT.
1. That the Date of Birth of the Rafqat is 18.02.2018.
2. That unfortunately the Date of Birth of the child has not been entered in the register of Birth kept at Respondents Office Nagri Parole nor in the record of Chowkidar concerned.
3. That the applicant is in dire need of Date of Birth of his above named Child from the register of Birth kept at Respondents Office Nagri Parole.
An affidavit in sport of application is attached here with.
It is therefore humbly prayed that the Block Development Office Nagri parole may kindly be directed to enter the Date of Birth of the Child in the register of Birth kept at Respondents.

(Signature)
Date: 08.02.2019

SD/-
EXECUTIVE MAGISTRATE
1ST CLASS TEHSILDAR
NAGRI PAROLE

ब्रिगेडियर उस्मान प्रीमियर लीग 2025-26 : पी पी रॉयल्स और राजौरी 11 ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

सबका जम्मू कश्मीर

सबका जम्मू कश्मीर
नौशहरा, ब्रिगेडियर उस्मान प्रीमियर लीग 2025–26 के तहत शुक्रवार को खेले गए मुक. ाबलों में पी पी रॉयल्स और राजौरी 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने–अपने मैच जीत लिए और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

पहले मुकाबले में पी पी रॉयल्स और आसन वॉरियर्स आमने–सामने थे।

पी पी रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शहजाद मलिक की 57 रनों की दमदार पारी की बदौलत 115/6 का स्कोर बनाया।

जवाब में आसन वॉरियर्स दबाव में दिखे। अंतिम ओवरों में मैच रोमांचक हो गया, लेकिन पी पी रॉयल्स ने 4 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

मैन ऑफ द मैचरू आसिफ मनहास (2 विकेट)

इस जीत के साथ पी पी रॉयल्स अपने ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गई है और अब शनिवार सुबह सुंदरबानी हरिकेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल खेलेगी।

दोपहर के बाद खेले गए दूसरे मुकाबले में क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए राजौरी 11 और गोल्डन टाइटन्स के बीच 'करो या मरो' मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजौरी 11 ने 110/6 का स्कोर बनाया। गोल्डन टाइटन्स ने 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरू से ही विकेट गंवाए और दबाव से उबर नहीं सके। पूरी टीम 90 रनों पर सिमट गई और 18 रनों से मैच गंवा बैठी।

मैन ऑफ द मैचरू सोहेल खान (4 विकेट)

इस जीत के साथ राजौरी 11 क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है और वह रविवार सुबह ध्ध बाजाबैन से भिड़ेगी। गोल्डन टाइटन्स टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।

जिला पुलिस पुंछ की बड़ी कार्रवाई, यूएपीए के तहत अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल वाहन संलग्न

सबका जम्मू कश्मीर

पुंछ, जिला पुलिस पुंछ ने अवैध और आतंक से जुड़ी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए एक बड़ी कार्रवाई की है। थाना मंडी में दर्ज एक मामले के तहत गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 25 के अंतर्गत एक दोपहिया वाहन को संलग्न किया गया है।

पुलिस के अनुसार थाना मंडी में एफआईआर नंबर 72/2025 दर्ज की गई थी, जिसमें हथियार अधि. नियम की धारा 7/25 तथा यूएपीए की धारा 13, 18, 20 और 23 लगाई गई हैं। जांच के दौरान एक दोपहिया वाहन (पंजीकरण संख्या जेके12बी–5950), जो आरा. पी के नाम पर दर्ज है, को अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया पाया गया।

कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उक्त वाहन को यूएपीए की धारा 25 के तहत संलग्न कर लिया गया है। कानून के अनुसार इस संलग्न संपत्ति को न तो बेचा जा सकता है और न ही किसी अन्य को हस्तांतरित किया जा सकता है। वाहन मालिक को इस कार्रवाई की जानकारी दे दी गई है और संबंधित प्राधिकारी को भी सूचित किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। जिला पुलिस पुंछ ने दोहराया कि जिले में शांति, कानून व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए वह पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध या गैरकानूनी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और सहयोग करें।

डीसी राजौरी ने युवाओं से लाभकारी व तकनीक आधारित कृषि अपनाने का किया आह्वान

अनिल भारद्वाज

राजौरी : कृषि विभाग राजौरी द्वारा जम्मू–कश्मीर प्रतिस्पर्धी कृषि एवं सहायक क्षेत्र परियोजना के अंतर्गत वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025–2026 के प्रोजेक्ट एवं नॉलेज मैनेजमेंट घटक के तहत जिला स्तरीय जागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त राजौरी अभिषेक शर्मा ने की। इस अवसर पर उन्होंने जिले भर से आए किसानों, युवाओं एवं अन्य हितधारकों से संवाद किया।

अपने संबोधन में उपायुक्त ने फसल विविधीकरण पर जोर देते हुए युवाओं से पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर नवाचार एवं बाजारोन्मुख कृषि अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जेकेसीआईपी के तहत राजौरी, थन्नामंडी, दरहाल और बुद्धल ब्लॉकों में लाभ प्रदान किए जा रहे हैं, जबकि अन्य ब्लॉकों के किसान समग्र कृषि विकास कार्यक्रम के तहत सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

उपायुक्त ने इच्छुक लाभार्थियों को जेकेसीआई पी की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण करने, किसान खिदमत घरों तथा कृ षि उन्नति केंद्रों से मार्गदर्शन लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आवेदन स्वीकृत होने के बाद लाभार्थियों को प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, गंभीरता और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी हैं। साथ ही कृषि एवं सहायक क्षेत्रों में तकनीक की भूमिका को भी रेखांकित किया। उपायुक्त ने आगे कहा कि स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और युवा क्लब जमीनी स्तर पर सरकारी योजनाओं की जानक. ारी फैलाने एवं उनके सफल क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त राजौरी मलिकजादा शेराज़ उल हक ने भी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए लाभकारी कृषि की ओर बढ़ने और उच्च मूल्य वाली खेती अपनाने का आग्रह किया। मुख्य कृषि अधिकारी राजौरी राजेश वर्मा ने जीविकोपार्जन आधारित खेती से हटकर मांग आधारित कृषि की ओर संक्रमण पर बल दिया।

डालसा पुंछ ने जिला कोर्ट कॉम्प्लेक्स में चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का किया आयोजन

सबका जम्मू कश्मीर

पुंछ। जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण पुंछ ने आज जिला कोर्ट कॉम्प्लेक्स, पुंछ में चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसका उद्देश्य विवादों के सौहार्दपूर्ण निपटारे के माध्यम से जनता को त्वरित और किफायती न्याय प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, वकीलों, वादियों और कोर्ट कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

जम्मू-कश्मीर के प्रख्यात मूर्तिकार गणेश कुमार शर्मा अमेरिका में सम्मानित

सबका जम्मू कश्मीर

हीरानगर/कठुआ/जम्मू : जम्मू–कश्मीर के वरिष्ठ एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त मूर्तिकार गणेश कुमार शर्मा को अमेरिका की प्रतिष्ठित संस्था "फेदर एंड एक्सटेंडर्स ह्यूमैनिटी अकादमी, फिलाडेल्फिया शाखा" द्वारा सम्मानित किया गया है। उन्हें वर्ष 2025 के लिए अकादमी की "टॉप हंड्रेड पर्सनैलिटीज़" सूची में शामिल करते हुए अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त "हाई ऑनरेरी सर्टिफिकेट" प्रदान किया गया है। यह सम्मान अकादमी के अध्यक्ष राजदूत डॉ. अब्दुल करीम अल फ़र्राजी तथा उपाध्यक्ष एवं डीन, प्रसिद्ध



कलाकार जहान राबिया के नेतृत्व में दिया गया।

अकादमी ने यह सम्मान गणेश कुमार शर्मा को कला, संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक योगदान तथा विश्व स्तर पर कला के प्रसार और शैक्षणिक समुदाय की सेवा के लिए प्रदान किया।

अकादमी प्रबंधन ने अपने संदेश में कहा कि गणेश कुमार शर्मा अकादमी की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अथक प्रयासों और सृजनात्मक योगदान से संस्था की उपलब्धियों को नई ऊंचाइयां मिली हैं। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान से न केवल गणेश कुमार शर्मा का नाम गौरवान्वित हुआ है, बल्कि जम्मू–कश्मीर की कला परंपरा को भी वैश्विक पहचान मिली है।

सबका जम्मू कश्मीर

नाम परिवर्तन, तहसीलदार नोटिस,
शोक संदेश, गुमशुदा सूचना,
बेदखली, हुडा नोटिस, वैवाहिक,
सार्वजनिक सूचना इत्यादि विज्ञापन
MOB:- +91 60051-34383, +91 87170 07205

साप्ताहिक
सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ में जिला किराया आकलन समिति की बैठक, 27 किराया मामलों को मंजूरी

सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ, उपायुक्त कठुआ राजेश शर्मा की अध्यक्षता में जिला किराया आकलन समिति (डीआरएसी) की बैठक डीसी कार्यालय परिसर के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा उपयोग में लाई जा रही निजी इमारतों के किराया आकलन मामलों को अंतिम रूप देना था।

बैठक में सहायक आयुक्त राजस्व कठुआ विशव प्रताप सिंह, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी (आर एंड बी) कठुआ अरविंद लांघे सहित उन सभी विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनके कार्यालय जिले में निजी भवनों में संचालित हो रहे हैं।

बैठक के दौरान पुलिस, हस्तशिल्प, हथकरघा, आयुष, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, शिक्षा, जेकेआरएलएम, आईसीडीएस, राजस्व, एफसीएस एंड सीए, भूविज्ञान एवं खनन, आरडीडी, पुस्तकालय, बागवानी तथा पीएमजीएसवाई सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 30 किराया मामलों को समिति के समक्ष रखा गया।

समिति ने सभी मामलों पर विस्तार से विचार–विमर्श करते हुए प्रत्येक केस की गहन जांच की। मूल्यांकन के उपरांत 30 में से 27 किराया मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई, जबकि तकनीकी खामियों के चलते 3 मामलों को पुनः प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर डीआरएसी के अध्यक्ष उपायुक्त राजेश शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न कार्यालयों के संचालन हेतु उपलब्ध खाली सरकारी भवनों को प्राथमिकता दी जाए तथा लंबित किराया आकलन मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए।





स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशकः राज कुमार द्वारा एम/एस डी. आर प्रिंटिंग प्रेस, बैन बजाल्ता, तहसील जम्मू से मुद्रित एवं नगरी पैरोल नगरी, जिला कठुआ, जम्मू और कश्मीर पिन.कोड नं: 184151 | संपादकः राज कुमार